RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

4th Year Anniversary

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ



लटका डाले कैमरे, जगह-जगह श्रीमान।
बचना अब चालान से, काम नहीं आसान।
काम नहीं आसान, रूल जो भी तोड़ेगा।
फोटू लेगा खींच, नहीं बिल्कुल छोड़ेगा।
कह साहिल कविराय, लगेगा तगड़ा झटका।
दरवाजे पर समन, सुबह जब होगा लटका।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 11 | ISSUE 20 | SUNDAY 01-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com




# पीएम मोदी आज श्री गुरु रविदास जी एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे, पहली फ्लाइट 1 मार्च को उड़ान भरेगी





चंडीगढ़/यूटर्न/31 जनवरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज आदमपुर एयरपोर्ट का नाम बदलकर श्री गुरु रविदास जी एयरपोर्ट, आदमपुर करने का उद्घाटन करेंगे, साथ ही हलवारा (लुधियाना) एयरपोर्ट पर नई टर्मिनल बिल्डिंग का भी उद्घाटन करेंगे, जो पंजाब के सिविल एविएशन क्षेत्र और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानमंत्री की यह यात्रा पंजाब में हवाई इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने और अपनी क्षेत्रीय कनेक्टिविटी पहलों के तहत किफायती हवाई यात्रा का विस्तार करने के केंद्र सरकार के प्रयासों को दिखाती है। हलवारा एयरपोर्ट पर टर्मिनल बिल्डिंग के उद्घाटन के साथ, लुधियाना पंजाब का औद्योगिक केंद्र, उद्योग और निवासियों की वर्षों से लंबित मांग के बाद औपचारिक रूप से घरेलू विमानन मानचित्र पर आ जाएगा।

## कई वरिष्ठ राजनीतिक और संवैधानिक लोग होंगे शामिल

उद्घाटन समारोह में कई वरिष्ठ राजनीतिक और संवैधानिक गणमान्य व्यक्तियों के शामिल होने की उम्मीद है। इनमें पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन रेड्डी शामिल हैं। केंद्रीय रेल मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू भी मौजूद रहेंगे, जो एकीकृत परिवहन इंफ्रास्ट्रक्चर पर केंद्र के जोर को दर्शाता है। अन्य आमंत्रित लोगों में डॉ. अमर सिंह, लोकसभा सांसद; अमरिंदर सिंह राजा वारिंग, लोकसभा सांसद और पंजाब कांग्रेस के प्रमुख, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और लोकसभा सांसद चरणजीत सिंह चन्नी; विधायक हाकम सिंह और राज्यसभा सांसद राजिंदर गुप्ता शामिल है।



## मंत्री अरोड़ा की रही अहम भूमिका

खास बात यह है कि पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा को हलवारा एयरपोर्ट परियोजना को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का श्रेय दिया जाता है। केंद्र सरकार के साथ लगातार फॉलो-अप से लेकर विमानन अधिकारियों के साथ समन्वय तक, अरोड़ा के प्रयास भूमि, मंजूरी और समय-सीमा से संबंधित लंबे समय से चली आ रही बाधाओं को दूर करने में महत्वपूर्ण थे। हालांकि, खराब स्वास्थ्य के कारण, वह उद्घाटन समारोह में मौजूद नहीं हो सकते हैं।

## एक मार्च से शुरू होगी कमर्शियल फ्लाइट

हलवारा एयरपोर्ट से कमर्शियल फ्लाइट ऑपरेशन 1 मार्च से शुरू होंगे, जिसमें एक एयरबस विमान लुधियाना-दिल्ली-लुधियाना रूट पर उड़ान भरेगा। अधिकारियों के अनुसार, रोजाना दो उड़ानें होंगी। एक लुधियाना से दिल्ली और एक वापसी उड़ान दिल्ली से लुधियाना, जो व्यापार यात्रियों, उद्योगपतियों और मध्य पंजाब के निवासियों को बहुत जरूरी हवाई कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। 15वीं सदी के पूजनीय संत-कवि और समाज सुधारक श्री गुरु रविदास जी के नाम पर आदमपुर एयरपोर्ट का नाम बदलना, पंजाब की आध्यात्मिक विरासत और गुरु रविदास जी से जुड़ी समानता और सामाजिक न्याय की शिक्षाओं को मान्यता देने का एक प्रतीकात्मक कदम माना जा रहा है।



## लुधियाना को मिलेगा अहम फायदा

लुधियाना से फ्लाइट्स शुरू होने से शहर के टेक्सटाइल, साइकिल, ऑटो-पार्ट्स और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बड़ा बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, क्योंकि इससे देश की राजधानी तक यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा। इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों ने लंबे समय से यह तर्क दिया है कि सीधी हवाई कनेक्टिविटी से बिजनेस करना आसान होगा, निवेश आकर्षित होगा और दिल्ली के रास्ते ग्लोबल मार्केट तक पहुंच बेहतर होगी। हलवारा टर्मिनल के उद्घाटन और 1 मार्च से फ्लाइट्स के चालू होने के साथ, पंजाब अपने एविएशन इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की दिशा में एक निर्णायक कदम उठा रहा है, जबकि आज के दोहरे उद्घाटन केंद्र सरकार के क्षेत्रीय विकास के व्यापक विजन के तहत विकास और सांस्कृतिक पहचान दोनों का संकेत देते हैं।









## इस संबंध में किए गए प्रमुख प्रयास और उपलब्धियाँ इस प्रकार हैं

- **22 नवंबर 2022 :** हवाई अड्डे की रुकी हुई प्रगति को पुन: शुरू कराने के लिए मुख्यमंत्री का हस्तक्षेप।
- **11 दिसंबर 2022 :** निर्माण कार्य पुन: आरंभ करने हेतु 50 करोड़ रुपये जारी किए गए।
- **17 जनवरी 2023 :** सांसद संजीव अरोड़ा ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय से दिल्ली-लुधियाना उड़ानें पुन: शुरू करने की अपील की।
- **14 अप्रैल 2023 :** सांसद अरोड़ा ने हलवारा से उड़ानें शुरू करने के लिए सभी एयरलाइनों को पत्र लिखा।
- **7 मई 2023 :** सांसद अरोड़ा ने हलवारा हवाई अड्डे का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने की वकालत की।
- **22 अगस्त 2023 :** नागरिक उड्डयन सचिव श्री राजीव बंसल से अनुमति मिलने के बाद एयरलाइनों को हलवारा से दिल्ली और मुंबई के लिए उड़ानें शुरू करने की स्वीकृति मिली।
- **26 अगस्त 2023 :** सांसद अरोड़ा ने विकास प्रगति की समीक्षा हेतु हलवारा हवाई अड्डे का दौरा किया।
- **9 जनवरी 2024 :** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने निर्माण प्रगति पर अद्यतन जानकारी दी।
- **31 जनवरी 2024 :** लुधियाना के पास हलवारा में अंतरिम टर्मिनल भवन के उद्घाटन का अनुरोध किया गया।
- **19 जुलाई 2024 :** सांसद अरोड़ा ने एएआई, पीडब्ल्यूडी और भारतीय वायु सेना के अधिकारियों के साथ निर्माण कार्य की समीक्षा की।
- **13 अगस्त 2024 :** सांसद अरोड़ा ने टाटा संस के अध्यक्ष श्री एन. चंद्रशेखरन से उड़ान संचालन पर चर्चा की।
- **29 अगस्त 2024 :** सांसद अरोड़ा ने गुरुग्राम में एयर इंडिया के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की; उड़ानें जल्द शुरू करने का भरोसा मिला।
- **3 सितंबर 2024 :** सांसद अरोड़ा ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री को पत्र लिखकर निर्माण कार्य तेज करने की मांग की।
- **21 दिसंबर 2024 :** हवाई अड्डे के कोड और संचालन तिथि पर एएआई अध्यक्ष श्री विपिन कुमार के साथ बैठक हुई।
- **8 जनवरी 2025 :** एयर इंडिया ने सूचित किया कि कमीशनिंग और अनुमोदन प्रक्रिया के बाद उड़ानें शुरू होंगी।
- **10 जनवरी 2025 :** एयर इंडिया ने हलवारा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ानें संचालित करने पर सहमति दी।
- **4 फरवरी 2025 :** हलवारा हवाई अड्डे को एच डब्ल्यू आर हवाई कोड प्राप्त हुआ।
- **19 फरवरी 2025 :** सांसद अरोड़ा और डिप्टी कमिश्नर श्री जतिंदर जोरवाल ने अंतिम चरण के कार्यों की समीक्षा की।
- **23 मई 2025 :** मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान ने सिविल एविएशन मंत्रालय से टर्मिनल को चालू करने और उड़ानें साहनेवाल से हलवारा स्थानांतरित करने का अनुरोध किया।
- **जून 2025 :** ढांचागत कार्य पूरे हुए; 2,000 वर्ग मीटर टर्मिनल भवन का आंतरिक कार्य एवं ग्लास फेकेड का कार्य पूरा हुआ।
- **27 जुलाई 2025 :** तकनीकी कारणों से माननीय प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तावित वर्चुअल उद्घाटन स्थगित किया गया।
- **2 दिसंबर 2025 :** राज्यसभा में सांसद श्री राजिंदर गुप्ता ने प्रतिदिन 2,500 यात्रियों की क्षमता का उल्लेख करते हुए संचालन तेज करने की अपील की।
- **29 दिसंबर 2025 :** एयर इंडिया ने सप्ताह में पांच दिन उड़ानों की अनुमति प्राप्त की और अतिरिक्त स्लॉट की मांग की।
- **15 जनवरी 2026 :** अंतिम सुरक्षा ऑडिट पूरा; बीसीएएस ने संचालन की अनुमति दी।
- **28 जनवरी 2026 :** डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन और एसएसपी (देहात) श्री अंकुर गुप्ता द्वारा अंतिम निरीक्षण किया गया।
- **29 जनवरी 2026 :** प्रधानमंत्री कार्यालय से 1 फरवरी उद्घाटन की आधिकारिक पुष्टि मिली; एयर इंडिया ने सप्ताह में सात दिन उड़ानों का अनुरोध किया।
- **1 फरवरी 2026 :** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी शाम लगभग 3 :45 बजे टर्मिनल भवन का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे।

हलवारा हवाई अड्डे के चालू होने से क्षेत्रीय हवाई संपर्क मजबूत होगा, उद्योग और यात्रियों के यात्रा समय में कमी आएगी तथा पंजाब के औद्योगिक, निर्यात और निवेश वातावरण को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। विशेष रूप से उत्तर भारत के प्रमुख विनिर्माण केंद्र लुधियाना को इसका बड़ा लाभ होगा।

RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM
4th Year Anniversary
# यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS
VOL: 11 | ISSUE 20 | SUNDAY 01-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com







## सावधान : फरवरी का पहला हफ्ता सोने-चांदी के लिए हो सकता है खतरनाक, बड़े-बड़े खड़े कर सकते हैं हाथ

### सोमवार को मार्केट में चांदी दो लाख और सोना सवा लाख रहने की चर्चा

**लुधियाना/यूटर्न/31 जनवरी। अगर आप की और से भी सोने व चांदी में इन्वेस्टमेंट की जा रही है, तो सावधान हो जाए। क्योंकि फरवरी महीने का पहले हफ्ता सोने और चांदी के लिए भारी हो सकता है। हालांकि इस हफ्ते के दौरान सोने-चांदी की कीमतों में लगातार आई गिरावट से कई बड़े ट्रेडर्ज खुद को दिवालिया भी घोषित कर सकते हैं। दरअसल, शुक्रवार को इंटरनेशनल मार्केट एम.सी.एक्स. में सोने-चांदी के भाव में भारी गिरावट दर्ज की गई। हालांकि खुदरा मार्केट रेट अभी भी ज्यादा है। क्योंकि इंटरनेशनल मार्केट में कम हुए दामों का असर अभी इंडियन मार्केट में होना है। जिसके चलते क्यास लगाए जा रहे हैं कि सोमवार को दोनों वस्तुओं का दाम काफी गिरेगा। ऐसे में जिन ट्रेडर्ज द्वारा एम.सी.एक्स. में पहले से ज्यादा दाम पर बुकिंग करवा रखी है, सोमवार को इंटरनेशनल मार्केट खुलते ही भारतीय बाजार में गिरावट का असर दिखेगा। जिससे कई ट्रेडर्ज के दिवालिया घोषित होने की भी आशंकाएं हैं। दरअसल, वीरवार को जहां पहले चांदी का भाव 2.95 लाख प्रति किलो और सोने का भाव 1.65 लाख प्रति 10 ग्राम था। वहीं शुक्रवार को इंटरनेशनल मार्केट चांदी पर 2.40 लाख प्रति किलो और सोने पर 1.42 लाख प्रति 10 ग्राम पर बंद हो गई। हालांकि सोमवार को खुदरा मार्केट में इसका असर देखने को मिलेगा। वहीं चर्चा है कि सोमवार को मार्केट में चांदी के दाम दो लाख और सोने के सवा लाख रुपए रह सकते हैं।**



### सोने में २३ हजार और चांदी में 55 हजार गिरावट

वहीं बात करें इंडिया की खुदरा मार्केट की तो वीरवार तक सोने का दाम 1.95 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम चल रहा था, जबकि चांदी 2.95 लाख रुपए प्रति किलो चल रही थी। लेकिन शुक्रवार को इंटरनेशनल मार्केट सोने पर 1.65 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम चल रहा था, जबकि चांदी 2.40 लाख रुपए प्रति किलो पर बंद हुई। ऐसे में सोने में 23 हजार और चांदी में 55 हजार रुपए गिरावट आई है। बेशक चांदी में पहले भी गिरावट आती थी, लेकिन यह अब तक की सबसे बड़ी गिरावट है। वहीं सोने के दाम में भी यह सबसे बड़ी गिरावट देखी गई है।

### एक दिन के अंदर सोने में तीन और चांदी में छह बार लगा लो सर्किट

वहीं माहिरों के मुताबिक सोना-चांदी के दाम जितनी तेजी से बढ़े थे, उससे ज्यादा तेजी के साथ कम हुए हैं। ज्यूलरी के इतिहास में पहली बार शुक्रवार को सोने में तीन और चांदी में छह बार लो सर्किट लगा। यानि कि जितनी बार सर्किट लगे, उतनी बार दाम गिरते चले गए। लगातार लो सर्किट लगने के चलते बाजार में इनकी खरीद बेच बंद कर दी गई।

### मार्जिन मनी देकर ट्रेडर्ज करते हैं बुकिंग

वहीं बात करें एम.सी.एक्स. की तो वहां पर मार्जिन मनी देकर ट्रेडर्ज द्वारा बुकिंग की जाती है। यानि कि 100 प्रतिशत में से पांच प्रतिशत रकम अदा कर बुकिंग करवाई जाती है। ऐसे में कई ट्रेडर्ज द्वारा एम.सी.एक्स. में पहले ज्यादा दाम पर मार्जिन मनी देकर बुकिंग करवा ली थी। मगर शुक्रवार को मार्केट गिरने के बाद बंद हो गई। सोमवार को मार्केट दोबारा से खुलेगी। ऐसे में महंगा सोना-चांदी खरीदने वाले ट्रेडर्ज को बड़ा घाटा होने वाला है। वहीं अगर सोमवार को और मार्केट गिर जाती है, तो ट्रेडर्ज की हालात ज्यादा खराब हो सकती है।

### वहीं चर्चा है कि सोमवार के बाद

चांदी 2.40 लाख प्रति किलो और सोना 1.42 लाख 10 ग्राम हुआ एम.सी.एक्स. की बात करें तो वहां शुक्रवार को तेजी से सोना-चांदी के दाम गिरे। दाम भी काफी ज्यादा मात्रा में गिरे हैं। जिसके चलते शुक्रवार को इंटरनेशनल मार्केट में चांदी 2.40 लाख रुपए प्रति किलो और सोना 1.42 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। जबकि वीरवार को खुदरा बाजार में चांदी 2.95 लाख रुपए प्रति किलो और सोना 1.95 लाख रुपए था।

### चांदी 4.२0 लाख और सोना २.40 लाख से लगातार गिरता गया

वहीं बता दें कि पहले बाजार में काफी तेजी रही। जिसके चलते चांदी का भाव 4.20 लाख रुपए प्रति किलो और सोना 2.40 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गया था। फिर पिछले दिनों के दौरान लगातार दोनों के भाव गिरते गए। जिसके चलते शुक्रवार तक इंटरनेशनल मार्केट में चांदी का भाव 2.95 लाख और सोने का 1.42 लाख दर्ज हुआ।

### ज्वैलर्स ने सोना-चांदी खरीदना किया बंद

वहीं कई ज्वैलर्स को इंटरनेशनल मार्केट के दाम कम होने का पता चल गया था। जिसके चलते शुक्रवार को अगर कोई उन्हें चांदी 1.75 लाख रुपए के हिसाब से भी बेचने आया तो उन्होंने इंकार कर दिया। वहीं खुदरा बाजार में दुकानदारों द्वारा सोने चांदी की खरीद फिरोख्त हाल के लिए बंद कर दी है। क्योंकि सभी को पता है कि अगले एक हफ्ते में दोनों वस्तुओं के दाम में काफी बदलाव होने की संभावना है। ऐसे में वह अपना बचाव करके चल रहे हैं।

## न्यू हाई स्कूल मैनेजमेंट ने बिजली कनेक्शन रिस्टोर के लिए दायर की अपील, हुई रिजेक्ट








**लुधियाना/यूटर्न/31 जनवरी। न्यू हाई स्कूल की सराभा नगर और सिविल लाइन ब्रांच की मैनेजमेंट कमेटी द्वारा स्कूल के नाम पर बिजली मीटर लेकर दूसरे स्कूल, विला और पीजी को अवैध तरीके से बिजली सप्लाई की जा रही थी। जिसके चलते पावरकॉम विभाग द्वारा एक्शन लेते हुए बिजली सप्लाई काट दी गई थी। जिसके चलते पिछले दो दिन से दोनों स्कूलों की बिजली बंद है। वहीं सराभा नगर स्थित श्री राम इंटरनेशनल स्कूल की भी बिजली बंद है। अब इस मामले में न्यू हाई स्कूल की मैनेजमेंट कमेटी की और से पावरकॉम को कनेक्शन रिस्टोर करने के लिए अपील दायर की थी। लेकिन विभाग द्वारा उसे रिजेक्ट कर दिया गया है। जिसके चलते अब लंबे समय तक स्कूल में बिजली गुल रह सकती है। हालांकि इसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ेगा।**

**पेरेंट्स स्कूल की जांच कर करवाए एडमिशन...**वहीं शहर में चर्चा छिड़ गई है कि न्यू हाई स्कूल की मैनेजमेंट द्वारा पूरे तरीके से स्कूल को कमाई का अड्डा बना लिया है। इसी के साथ साथ श्री राम इंटरनेशनल स्कूल में भी यहीं हालात देखने को मिल रहे हैं। जिसके चलते बुद्धिजिवियों का कहना है कि पेरेंट्स स्कूलों की जांच करने के बाद ही अपने बच्चों की एडमिशन करवाए। क्योंकि बाद में स्कूलों की मैनेजमेंट द्वारा किए इललीगल कार्यों का खमियाजा स्टूडेंट्स को भुगतना पड़ता है।

**मैनेजमेंट कमाई के चक्कर में बच्चों का भविष्य कर रही खराब...**न्यू हाई स्कूल की मैनेजमेंट कमेटी के मुखी सुनील मडिया, उसके बेटे गौरव मडिया व अन्य रिश्तेदार व करीबी मेंबरों द्वारा कमाई के चक्कर में न्यू हाई स्कूल की सराभा नगर ब्रांच के मीटर से श्री राम इंटरनेशनल स्कूल को बिजली सप्लाई दी जा रही थी। वहीं सिविल लाइन ब्रांच से आठ विला और एक पीजी को बिजली दी जा रही थी। मैनेजमेंट द्वारा अपनी कमाई के चक्कर में अवैध कार्य किया जा रहा था। अब न्यू हाई स्कूल की दोनों ब्रांच के साथ साथ श्री राम इंटरनेशनल स्कूल में भी बिजली नहीं है। जिसके चलते इन मैनेजमेंट द्वारा अपनी कमाई के लिए अवैध कार्य कर बच्चों के भविष्य को दांव पर लगा दिया है।

# CP.67 Mall: ट्राइसिटी में सस्टेनेबल लाइफस्टाइल का नया सिग्नेचर एड्रेस

मोहाली, यूटर्न, 31 जनवरी। ट्राइसिटी में शॉपिंग और एंटरटेनमेंट का अनुभव अब सिर्फ खरीदारी तक सीमित नहीं रहा। मोहाली के सेक्टर-67, एयरपोर्ट रोड पर स्थित CP.67 Mall तेजी से एक ऐसे लाइफस्टाइल हब के रूप में उभर रहा है, जो आधुनिकता, सस्टेनेबिलिटी और स्मार्ट अर्बन डिजाइन का बेहतरीन मेल पेश करता है। Media रिपोर्ट के अनुसार, CP.67 Mall को खास तौर पर आज की शहरी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है, जहां शॉपिंग के साथ-साथ लोग समय बिताएं, मिलें-जुलें और रिलैक्स कर सकें। यही वजह है कि यह मॉल परिवारों, प्रोफेशनल्स और यंग अर्बन कंज्यूमर्स के बीच तेजी से लोकप्रिय होता जा रहा है।






## सस्टेनेबिलिटी पर खास फोकस

Homeland Group के CEO उमंग जिंदल के अनुसार, CP.67 Mall को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह—कमर्शियल रूप से मजबूत हो पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार हो

**सिर्फ मॉल नहीं, एक लाइफस्टाइल डेस्टिनेशन...**CP.67 Mall की प्लानिंग इस सोच के साथ की गई है कि यह केवल कमर्शियल स्पेस न होकर ट्राइसिटी के बदलते लाइफस्टाइल का हिस्सा बने। यहां ओपन स्पेस, स्मार्ट लेआउट और सहज मूवमेंट को प्राथमिकता दी गई है, जिससे विज़िटर्स को भीड़-भाड़ के बजाय आरामदायक अनुभव मिले। यहां शॉपिंग के साथ-साथ कैफे कल्चर, सोशल मीट-अप्स और फैमिली टाइम के लिए भी बेहतर माहौल तैयार किया गया है।

## लंबे समय तक वैल्यू देने वाला प्रोजेक्ट बने

उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट की सोच सिर्फ मुनाफे तक सीमित नहीं थी, बल्कि ऐसा स्पेस बनाना था जो ग्रीन डेवलपमेंट और सस्टेनेबल ऑपरेशन को प्राथमिकता दे और आधुनिक अर्बन लाइफस्टाइल में सहज रूप से फिट बैठे।

## ट्राइसिटी का नया सोशल हब

आज CP.67 Mall को लोग सिर्फ शॉपिंग मॉल नहीं, बल्कि ट्राइसिटी का नया सोशल और लाइफस्टाइल हब मानने लगे हैं। यहां लोग खरीदारी करते हैं, दोस्तों से मिलते हैं, फैमिली के साथ वक्त बिताते हैं और रोजमर्रा की भागदौड़ से थोड़ा सुकून पाते हैं। बदलते ट्राइसिटी में CP.67 Mall उस नई सोच का प्रतीक बन रहा है, जहां स्टाइल, सुविधा और सस्टेनेबिलिटी एक साथ मिलकर शहरी जीवन को बेहतर बनाते हैं।

# डिजिटल अरेस्ट साइबर ठगी केस का भंडाफोड़: चंडीगढ़ साइबर क्राइम पुलिस ने 5 और आरोपियों को किया गिरफ्तार, कुल 11 आरोपी काबू

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 31 जनवरी। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने हाई-वैल्यू फर्जी 'डिजिटल अरेस्ट' साइबर ठगी मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए पांच और साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के साथ ही इस केस में अब तक कुल 11 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। यह मामला एफआईआर नंबर 03 दिनांक 09.01.2026 के तहत थाना साइबर क्राइम, यूटी चंडीगढ़ में भारतीय न्याय संहिता 2023 की विभिन्न धाराओं में दर्ज किया गया था।यह कार्रवाई एसपी-साइबर यूटी चंडीगढ़ गीतांजलि खंडेलवाल, आईपीएस के नेतृत्व में, डीएसपी साइबर क्राइम एवं आईटी ए. वेंकटेश के मार्गदर्शन तथा इंस्पेक्टर एराम रिजवी, एसएचओ थाना साइबर क्राइम सेक्टर-17 की निगरानी में अंजाम दी गई।पकड़े गए आरोपियों की पहचान ओंकार शर्मा, अभिनव शर्मा उर्फ अभि,जसविंदर सिंह उर्फ डड्डू ,वरिंदर कुमार उर्फ विक्की,अंकुश कुमार उर्फ तरुण गुप्ता के रूप में हुई





यह केस चंडीगढ़ निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर दर्ज किया गया। शिकायतकर्ता के अनुसार 7 जनवरी 2026 को शाम करीब 5:50 बजे उसे अज्ञात नंबरों से धमकी भरे फोन आए। कॉल करने वालों ने खुद को कोलाबा पुलिस स्टेशन, मुंबई का अधिकारी बताते हुए दावा किया कि उसका कार्ड मनी लॉन्ड्रिंग केस में शामिल है।

आरोपियों ने गिरफ्तारी, संपत्ति जब्ती और घर से बाहर निकलने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। इसके बाद व्हाट्सऐप वीडियो कॉल आई, जिसमें 'कोलाबा मुंबई पुलिस' नाम दिखाया गया और पुलिस वर्दी पहने व्यक्ति ने फर्जी गिरफ्तारी घोषित की। साथ ही जाली गिरफ्तारी वारंट और फर्जी दस्तावेज व्हाट्सऐप के जरिए भेजे गए।बाद में एक और कॉल 'सीबीआई डायरेक्टर' के नाम से आई, जिसमें कहा गया कि शिकायतकर्ता के आधार कार्ड का मनी लॉन्ड्रिंग में दुरुपयोग हुआ है। भय और दबाव में आकर शिकायतकर्ता ने RTGS के जरिए ₹38 लाख आरोपियों द्वारा बताए गए बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए।

# मोहाली बनेगा स्मार्ट रोड्स का मॉडल, ₹700 करोड़ की 'नेक्स्ट जेनरेशन रोड रेनोवेशन प्रोग्राम' को मिली मंजूरी




मोहाली, यूटर्न, 31 जनवरी। मोहाली की सूरत बदलने की दिशा में पंजाब सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। शहरी बुनियादी ढांचे को नई मजबूती देने के लिए राज्य सरकार ने ₹700 करोड़ की लागत से 'नेक्स्ट जेनरेशन रोड रेनोवेशन प्रोग्राम' की शुरूआत की है। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत मोहाली के करीब 80 किलोमीटर सड़क नेटवर्क और प्रमुख जंक्शनों को आधुनिक मानकों पर अपग्रेड किया जाएगा। यह परियोजना NHAI पैटर्न पर और हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (HAM) के तहत लागू होगी, जिसमें निर्माण के साथ-साथ 10 वर्षों तक सड़कों के रखरखाव की जिम्मेदारी भी शामिल रहेगी। इससे सड़कों की गुणवत्ता लंबे समय तक बनी रहेगी और नागरिकों को बेहतर सुविधा मिलेगी। सरकार ने इस प्रोजेक्ट को फरवरी से अक्टूबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया है। योजना के तहत सिर्फ सड़कें ही नहीं बनेंगी, बल्कि ट्रैफिक फ्लो सुधार, सड़क सुरक्षा बढ़ाने, चौड़ीकरण, री-सरफेसिंग, और स्मार्ट जंक्शन डिजाइन भी किया जाएगा। इसके अलावा मोहाली को और आकर्षक बनाने के लिए लैंडस्केपिंग, आधुनिक स्ट्रीट लाइटिंग और ग्रीन कवर पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिससे शहर ज्यादा सुरक्षित, सुंदर और पर्यावरण-अनुकूल बनेगा। इस परियोजना के पूरा होने के बाद मोहाली स्मार्ट, सुरक्षित और तेज यातायात व्यवस्था वाला आधुनिक शहर बनकर उभरेगा, जो उद्योग, निवेश और आम जनता — तीनों के लिए बड़ी राहत साबित होगा।

# टेलीग्राम ग्रुप के माध्यम से 3.46 लाख के साइबर फ्रॉड में पहला आरोपी गिरफ्तार, 4 दिन के पुलिस रिमांड पर

पंचकूला, यूटर्न, 31 जनवरी। पंचकूला में साइबर ठगी के एक गंभीर मामले में साइबर थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए निवेश के नाम पर ठगी करने वाले पहले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला व्हाट्सएप के माध्यम से भेजे गए एक टेलीग्राम ग्रुप लिंक से जुड़ा है, जिसमें आम नागरिक को अधिक मुनाफे का लालच देकर लाखों रुपये की ठगी को अंजाम दिया गया। पंचकूला वासी शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2025 के जून माह में उसके व्हाट्सएप नंबर पर एक टेलीग्राम ग्रुप का लिंक भेजा गया था। ग्रुप में निवेश के नाम पर 40 फीसदी लाभ का झांसा दिया गया और धीरे-धीरे विश्वास में लेकर शिकायतकर्ता से कुल 3,46,760 रुपये विभिन्न माध्यमों से ठग लिए गए। जब शिकायतकर्ता को ठगी का एहसास हुआ तो उसने साइबर थाना पंचकूला में शिकायत दर्ज करवाई।



# पेड पार्किंग व्यवस्था में पारदर्शिता के लिए सख्ती: एमसी कमिश्नर ने नियमित व औचक निरीक्षण के दिए निर्देश

चंडीगढ़, यूटर्न, 31 जनवरी। शहर की पेड पार्किंग व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और वाहन चालकों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम चंडीगढ़ के कमिश्नर अमित कुमार ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने सभी कार्यकारी अभियंताओं (बीएंडआर), सब-डिविजनल इंजीनियरों (एसडीई) और जूनियर इंजीनियरों (जेई) को अपने-अपने क्षेत्रों में आने वाले पेड पार्किंग स्थलों का नियमित निरीक्षण करने के आदेश दिए हैं। कमिश्नर ने कहा कि इन निरीक्षणों का उद्देश्य पार्किंग अटेंडेंट्स की निगरानी, कार्यप्रणाली और आचरण पर कड़ी नजर रखना है, ताकि आम लोगों को नियमों के अनुरूप, पारदर्शी और परेशानी-मुक्त पार्किंग सुविधा मिल सके।





## एमसी वन पास की समीक्षा

शहर भर की पेड पार्किंग व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने हाल ही में शुरू किए गए 'एमसी वन पास' (एमसी वन पास ) पार्किंग सिस्टम के ग्राउंड लेवल क्रियान्वयन का भी आकलन किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह पहल डिजिटल अपनाने, पार्किंग प्रक्रिया को आसान बनाने और अनियमितताओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

## लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

कमिश्नर अमित कुमार ने दो टूक कहा कि निरीक्षण के दौरान यदि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाई गई तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ तत्काल व कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए कि पार्किंग संचालन से जुड़ी शिकायतों या विसंगतियों पर तुरंत संज्ञान लें और समाधान सुनिश्चित करें।

## खुद करेंगे औचक निरीक्षण

नगर निगम कमिश्नर ने यह भी स्पष्ट किया कि वह स्वयं समय-समय पर पेड पार्किंग स्थलों का औचक निरीक्षण करेंगे। ऐसे निरीक्षणों में किसी भी तरह की चूक या गड़बड़ी सामने आने पर नियमों के अनुसार कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## एमसी वन पास के लिए जागरूकता कैंप

कमिश्नर ने बताया कि यदि कोई मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन या अन्य संस्थान एमसी वन पास बनवाने के लिए सामूहिक कैंप आयोजित करना चाहता है, तो नगर निगम की टीम इसमें पूरा सहयोग करेगी और आम जनता को जागरूक करने में मदद करेगी।

नगर निगम चंडीगढ़ ने दोहराया कि वह पारदर्शी शासन, यात्री सुविधा में सुधार और एमसी वन पास जैसे नागरिक-केंद्रित प्रयासों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

चंड़ीगढ़
III रविवार, 01 फरवरी 2026
यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India



पेज 08 सनातन सेवा समिति और वेद प्रचार मंडल की...

# सीएम मान ने अस्पताल में मंत्री संजीव अरोड़ा से मुलाकात की, अरोड़ा का यूरोप दौरा लगभग रद्द

चंडीगढ़/यूटर्न/31 जनवरी। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को उद्योग और एनआरआई मामलों के मंत्री संजीव अरोड़ा का हालचाल जानने के लिए एक प्राइवेट अस्पताल का दौरा किया। अरोड़ा का अस्पताल में इलाज चल रहा है और डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। मंत्री अरोड़ा को पंजाब में विदेशी निवेश आकर्षित करने के मकसद से मुख्यमंत्री के साथ यूरोप के आधिकारिक दौरे पर जाना था, लेकिन खराब सेहत के कारण अब उनका जाना तय नहीं है। अस्पताल दौरे के दौरान, मान ने अरोड़ा और उनके परिवार के सदस्यों से विस्तार से बात की और उनके जल्द ठीक होने की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अरोड़ा की सेहत पहली प्राथमिकता है और उन्हें आधिकारिक जिम्मेदारियां फिर से शुरू करने से पहले ठीक होने पर ध्यान देना चाहिए। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।



## पंजाब के औद्योगिक पुनरुद्धार में अरोड़ा की महत्वपूर्ण भूमिका

भगवंत मान सरकार में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले मंत्रियों में से एक माने जाने वाले अरोड़ा ने पंजाब के औद्योगिक पुनरुद्धार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पदभार संभालने के बाद से, वह निवेश प्रोत्साहन, व्यापार करने में आसानी के सुधारों और घरेलू और विदेशी निवेशकों के साथ जुड़ाव में सबसे आगे रहे हैं। उनके प्रयास विशेष रूप से औद्योगिक मंजूरियों में तेजी लाने, उद्यमियों द्वारा सामना की जाने वाली पुरानी समस्याओं को हल करने और प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में दिखाई दिए हैं।

## अरोड़ा के जल्द ठीक होने की कामना

इस बीच, सभी पार्टियों के नेताओं और उद्योग के प्रतिनिधियों ने अरोड़ा के जल्द ठीक होने की कामना की है, और पंजाब के औद्योगिक इकोसिस्टम को मजबूत करने में उनकी सक्रिय भूमिका को स्वीकार किया है। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि सरकार का सुधार एजेंडा और निवेश को बढ़ावा पूरी गति से जारी रहेगा, और उम्मीद जताई कि अरोड़ा जल्द ही प्रमुख पहलों का नेतृत्व करने के लिए वापस आएंगे।

## यूरोप दौरा टल सकता है

राज्य सरकार के वैश्विक निवेशकों तक व्यापक पहुंच के हिस्से के रूप में नियोजित यूरोप दौरे का उद्देश्य पंजाब को एक निवेश–अनुकूल गंतव्य के रूप में दिखाना है, खासकर विनिर्माण, कपड़ा, कृषि–प्रसंस्करण और उभरते क्षेत्रों में। उद्योग के साथ सीधे जुड़ाव और प्रस्तावों को जमीनी परियोजनाओं में बदलने में हालिया सफलता को देखते हुए, अरोड़ा से निवेशक बैठकों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद थी। सूत्रों ने बताया कि हालांकि अरोड़ा इलाज पर अच्छी प्रतिक्रिया दे रहे हैं, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें फिलहाल यात्रा से बचने की सलाह दी है। यूरोप दौरे में उनकी भागीदारी पर अंतिम फैसला मेडिकल सलाह के आधार पर लिया जाएगा।

# पीएम मोदी के पंजाब दौरे से पहले डेरा बल्लां को धमकी भरा ईमेल मिला

चंडीगढ़/यूटर्न/31 जनवरी। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि गुरु रविदास जयंती के मौके पर रविवार को जालंधर में डेरा सचखंड बल्लां में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तय दौरे से पहले, शहर के तीन-चार स्कूलों को धमकी भरे ईमेल मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। हालांकि ईमेल एजुकेशनल संस्थानों को भेजे गए थे, लेकिन जांचकर्ताओं ने पाया कि मैसेज में खास तौर पर रविदासिया समुदाय के एक बड़े धार्मिक स्थल डेरा बल्लां को धमकी दी गई थी। ईमेल में ऐसा लिखा था जैसे भेजने वाले को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डेरा दौरे से कोई दिक्कत है। भेजने वाले ने जून 2023 में कनाडा में मारे गए हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का बदला लेने की भी बात कही। अधिकारियों ने साफ किया कि छात्रों की सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है, क्योंकि गुरु रविदास जयंती से पहले निकाली जा रही शोभा यात्रा के कारण जालंधर के सभी स्कूल शनिवार को पहले से ही बंद हैं। फिर भी, प्रधानमंत्री के दौरे की अहमियत को देखते हुए इन ईमेल के बाद तुरंत सुरक्षा की समीक्षा की गई।



## डीजीपी ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए डेरा बल्लां का दौरा किया। जालंधर में करीब 1,500 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं, जबकि स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप ( रढऋ) की टीमें पिछले मंगलवार से शहर में तैनात हैं। अतिरिक्त चेकपॉइंट, निगरानी के उपाय और रूट सैनिटाइजेशन का काम भी किया जा रहा है।

## एजेंसियों जांच में जुटी

सुरक्षा एजेंसियां इस धमकी को गंभीरता से ले रही हैं और ईमेल के सोर्स का पता लगाने, उनकी विश्वसनीयता का आकलन करने और जिम्मेदार लोगों की पहचान करने के लिए जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री, धार्मिक स्थल और समारोह के लिए इकट्ठा होने वाले भक्तों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

# सल्फास जहर के इलाज में नई उम्मीद, पीजीआई ने खोजी प्रभावी थेरेपी

अजीत झा






चंडीगढ़/यूटर्न/31 जनवरी। चंडीगढ़ स्थित पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (पीजीआई) के डॉक्टरों ने सल्फास जहर से पीड़ित मरीजों के इलाज में नई उम्मीद जगाने वाली इंट्रावीनस लिपिड इमल्शन थेरेपी खोजी है। यह थेरेपी मरीजों की जान बचाने में अहम भूमिका निभा सकती है।

पीजीआई के इंटरनल मेडिसिन विभाग द्वारा किए गए अध्ययन में पाया गया कि पारंपरिक इलाज के साथ नस के जरिए दी जाने वाली यह थेरेपी मरीजों की स्थिति सुधारने में बेहद कारगर है। अध्ययन के अनुसार, इस थेरेपी से मौत के मामलों में कमी आई, मरीज तेजी से ठीक हुए और हृदय तथा शारीरिक जटिलताओं के जोखिम में भी कमी हुई।यह शोध प्रो. संजय जैन के मार्गदर्शन में किया गया, जबकि मुख्य शोधकर्ता रहे डॉ. मंदीप सिंह भाटिया। डॉक्टरों ने बताया कि यह थेरेपी सस्ती, सुरक्षित और लगभग हर अस्पताल में उपलब्ध है, जिससे इसे बड़े पैमाने पर लागू किया जा सकता है।विशेष रूप से पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में, जहां सल्फास जहर के मामले अधिक हैं, इस इलाज के लाभ को बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। डॉक्टरों ने कहा कि इस थेरेपी के नियमित उपयोग से जहर से होने वाली मृत्यु दर और गंभीर जटिलताओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है।यह अध्ययन अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हुआ है, जिससे इसकी वैज्ञानिक वैधता और प्रभावकारिता का प्रमाण मिलता है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह खोज भारतीय चिकित्सा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और भविष्य में सल्फास जहर से पीड़ित मरीजों के लिए नई उम्मीद की किरण साबित होगी।

# सनातन सेवा समिति का भव्य श्री हनुमान चालीसा आयोजन सराहनीय : मनीष सिसोदिया



दिनेश मौदगिल

लुधियाना, यूटर्न, 31 जनवरी। सनातन सेवा समिति पंजाब की लुधियाना इकाई द्वारा भाई रणधीर सिंह नगर स्थित दुर्गा माता मंदिर में भव्य श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया, पंजाब सरकार के पर्यटन व सांस्कृतिक विभाग के सलाहकार दीपक बाली, विधायक अशोक पराशर पप्पी, विधायक कुलवंत सिद्धू तथा मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

समिति के राष्ट्रीय प्रमुख विजय शर्मा व जोन महासचिव वरुण मेहता ने अतिथियों का स्वागत कर समिति के सामाजिक व धार्मिक कार्यों की जानकारी दी। मनीष सिसोदिया ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद महिला संकीर्तन मंडलियों को वाद्य यंत्र किट वितरित की। इसके उपरांत हजारों श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। सिसोदिया ने कहा कि धर्म और कर्म जीवन का आधार हैं। मानवता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। जरूरतमंदों को शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं देना समाज को मजबूत करता है।

Uturn Time 01 Jan 2026_Layout 2 31-01-2026 10:54 Page 6



# वेद, उपनिषद और गीता शिक्षा का अहम हिस्सा बनें: मनीष सिसोदिया

नवीन गोगना

लुधियाना, यूटर्न, 31 जनवरी। सनातन सेवा समिति पंजाब और वेद प्रचार मंडल पंजाब द्वारा बीसीएम स्कूल, लुधियाना में पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षा मंत्री पंजाब हरजोत सिंह बैंस और दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री व 'आप' के पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया मुख्य अतिथि रहे। समारोह में समिति अध्यक्ष विजय शर्मा और वेद प्रचार मंडल अध्यक्ष रोशन लाल आर्य भी उपस्थित थे। मनीष सिसोदिया ने कहा कि वेद, उपनिषद, रामायण और गीता का ज्ञान विद्यार्थियों की शिक्षा का अहम हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषियों ने हजारों वर्ष पहले वह ज्ञान दिया, जिसे आज दुनिया विज्ञान के माध्यम से समझने की कोशिश कर रही है। यदि बच्चे इस साहित्य




से जुड़ेंगे तो वे बेहतर इंसान और महान वैज्ञानिक बन सकते हैं। शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस ने कहा कि समाज में बदलाव का रास्ता शिक्षा से होकर गुजरता है। उन्होंने शिक्षकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को सही संस्कार और विरासत से जोड़ना जरूरी है। समारोह में संस्कृति व वेदों से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित भाषण प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिसमें 25 स्कूलों के 296 छात्रों ने भाग लिया। बाद में बैंस ने केंद्र सरकार से बजट में पंजाब को स्पेशल राहत पैकेज देने और शिक्षा के लिए बजट बढ़ाने की मांग की। उन्होंने कहा कि भारत को सुपर पावर बनाने में शिक्षा की सबसे बड़ी भूमिका है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Perjury: अदालत में झूठ बोलना कब अपराध बन जाता है?**

कई लोग यह मान लेते हैं कि अदालत में झूठ बोल लेना कोई बड़ी बात नहीं है—खासकर तब, जब उससे फायदा मिलने की उम्मीद हो। लेकिन कानून इस सोच को हल्के में नहीं लेता। अदालत में जानबूझकर झूठ बोलना या झूठा बयान देना Perjury कहलाता है और यह अपने-आप में एक गंभीर अपराध है।

Perjury तब माना जाता है, जब कोई व्यक्ति शपथ पर या लिखित बयान में ऐसे तथ्य प्रस्तुत करता है, जो वह जानता है कि सही नहीं हैं। इसमें केवल मौखिक बयान ही नहीं, बल्कि हलफनामे, दस्तावेज और शपथ-पत्र भी शामिल होते हैं। अदालत का भरोसा सच्चाई पर टिका होता है—और उसी भरोसे को तोड़ना कानून के लिए अस्वीकार्य है।

यह भी समझना जरूरी है कि हर गलत या असंगत बयान Perjury नहीं होता। भूल, याददाश्त की कमी या तथ्यात्मक भ्रम अलग बातें हैं। Perjury तभी बनता है, जब यह साबित हो कि झूठ जानबूझकर और उद्देश्यपूर्वक बोला गया था, ताकि अदालत को गुमराह किया जा सके। अदालतें Perjury को इसलिए गंभीरता से लेती हैं, क्योंकि झूठी गवाही से न केवल एक मामला प्रभावित होता है, बल्कि पूरी न्यायिक प्रक्रिया पर असर पड़ता है। कई बार निर्दोष फँस जाते हैं या दोषी छूट जाते हैं—और यही स्थिति Perjury को अपराध बनाती है।

हालाँकि, Perjury की कार्यवाही हर मामले में अपने-आप शुरू नहीं होती। आम तौर पर अदालत संतुष्ट होने पर ही आगे की कार्रवाई का आदेश देती है। इसका उद्देश्य डर पैदा करना नहीं, बल्कि सत्यनिष्ठा बनाए रखना होता है।

निष्कर्ष: Perjury कानून की नजर में मामूली चालाकी नहीं, बल्कि न्याय के विरुद्ध अपराध है। अदालत में सच्चाई कहना केवल नैतिक दायित्व नहीं, बल्कि कानूनी ज़िम्मेदारी भी है। न्याय की प्रक्रिया तभी मजबूत रहती है, जब उसके सामने सच रखा जाए—पूरा और बिना मिलावट के।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### सोना-चांदी निवेश के लिए खरीदने वालों के लिए सबसे जरूरी है सही समय और धैर्य।

भारत में सोना और चांदी को केवल आभूषण ही नहीं, बल्कि एक सुरक्षित निवेश के रूप में भी देखा जाता है। प्राचीन काल से ही लोग अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए सोना-चांदी खरीदते आए हैं। सवाल यह है कि जिसने सोना-चांदी निवेश के उद्देश्य से खरीदा है, क्या उसे वास्तव में लाभ होगा? सोना और चांदी कीसबसे बड़ी खासियत यह है कि इनका मूल्य समय के साथ आमतौर पर बढ़ता है। जब महंगाई बढ़ती है या शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव होता है, तब सोना-चांदी निवेशकों के लिए सुरक्षित विकल्प साबित होते हैं। यही कारण है कि आर्थिक अनिश्चितता के समय इनकी मांग बढ़ जाती है। लंबे समय में देखें तो सोने ने निवेशकों को स्थिर और भरोसेमंद रिटर्न दिया है। चांदी भी एक अच्छा निवेश विकल्प है, क्योंकि इसका उपयोग उद्योगों में भी होता है। तकनीक और उद्योग के विकास के साथ चांदी की मांग बढ़ सकती है, जिससे इसके दाम बढ़ने की संभावना रहती है। हालांकि, चांदी के दाम सोने की तुलना में ज्यादा उतार-चढ़ाव वाले हो सकते हैं। निष्कर्ष रूप मेंकहा जा सकता है कि जिसने सोना-चांदी समझदारी से और लंबे समय के लिए निवेश के रूप में खरीदा है, उसे लाभमिलने की संभावना अधिक होती है। सही समय, सही मात्रा और धैर्य-ये तीनों मिलकर निवेश को सफल बनाते हैं।

## श्री गुरु रविदास जी के प्रकाश पर्व को समर्पित भव्य नगर कीर्तन निकाला गया



डेराबस्सी, यूटर्न, 31 जनवरी। धन-धन सतगुरु श्री गुरु रविदास महाराज जी के आगामी प्रकाश पर्व को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाते हुए डेराबस्सी ब्लॉक के अंतर्गत गांव परागपुर में भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। यह नगर कीर्तन गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा की प्रबंधक समिति और क्षेत्रवासियों के सहयोग से निकाला गया।

नगर कीर्तन की शुरूआत श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया में पांच प्यारों की अगुवाई में अरदास के उपरांत की गई। इस अवसर पर पालकी साहिब को फूलों से अत्यंत आकर्षक ढंग से सजाया गया था। नगर कीर्तन में परागपुर सहित आसपास के गांवों से सैकड़ों की संख्या में संगत ने भाग लेकर गुरु घर के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की।

नगर कीर्तन के दौरान कीर्तन जत्थों द्वारा श्री गुरु रविदास महाराज जी की वाणी और उनके जीवन दर्शन का मधुर गायन किया गया, जिससे संगत निहाल हो उठी। वहीं, गतका पार्टियों ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। नगर कीर्तन के मार्ग में संगत की ओर से चाय, पकोड़े, फल और मिठाइयों सहित विभिन्न प्रकार के लंगर लगाए गए। नगर कीर्तन गांव की विभिन्न गलियों से होते हुए पुनः गुरुद्वारा साहिब में संपन्न हुआ। प्रबंधकों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज को श्री गुरु रविदास महाराज जी द्वारा दिखाए गए मानवता, समानता और भाईचारे के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। नगर कीर्तन की समाप्ति पर सेवेदारों और प्रमुख व्यक्तियों को सिरोपा भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

## BCM आर्य स्कूल, लालटों में छरउ गणित राउंड-2 सत्र आयोजित

लुधियाना, यूटर्न, 31 जनवरी। BCM आर्य स्कूल, लालटों में छरउ मैथेमेटिक्स राउंड-2 सेशन का सफल आयोजन किया गया, जिसमें 26 स्कूलों से आए 50 गणित अध्यापकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई।



विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती कृतिका सेठ ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि बदलते शैक्षणिक माहौल में शिक्षकों के लिए निरंतर व्यावसायिक विकास बेहद जरूरी है। उन्होंने शिक्षण पद्धतियों को प्रभावी बनाने पर जोर दिया। वर्कशॉप में मिडिल और सेकेंडरी स्तर के गणित पर विशेष फोकस किया गया। इसमें ब्लूप्रिंट तैयार करना, प्रश्न पत्र निर्माण, कक्षा में आने वाली चुनौतियां, छात्रों की सामान्य गलतियां और प्रभावी समस्या समाधान गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा हुई।

रिसोर्स पर्सन सुश्री मोनिका सचदेवा ने सत्र को बेहद इंटरएक्टिव और रोचक बनाया। प्रतिभागियों ने उनके व्यावहारिक दृष्टिकोण की सराहना की और सत्र के अंत में सकारात्मक प्रतिक्रिया साझा की। कार्यक्रम ने शिक्षकों को नई शिक्षण तकनीकों से जोड़ते हुए गणित शिक्षण को और मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

Uturn Time 01 Jan 2026_Layout 2 31-01-2026 10:54 Page 7



# एसजीपीसी के 40 अधिकारियों को एसआईटी ने किया तलब, 328 पावन स्वरूप मामले में जत्थेदार ने कहा-पंथ के लिए संवेदनशील मुद्दा



अमृतसर/यूटर्न/31 जनवरी। अमृतसर में 328 पावन स्वरूपों के लापता होने के संवेदनशील मामले में विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। रक्ळ ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के 40 मौजूदा और सेवानिवृत्त अधिकारियों को पुलिस कमिश्नर कार्यालय में पेश होने के लिए समन जारी किए हैं। इस कदम पर सचखंड श्री दरबार साहिब के हेड ग्रंथी और जत्थेदार ज्ञानी रघुबीर सिंह ने जांच के नाम पर कर्मचारियों को मानसिक रूप से परेशान किए जाने पर गहरा रोष प्रकट किया है। जत्थेदार ज्ञानी रघुबीर सिंह ने बताया कि उन्हें सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से जानकारी मिली है कि रक्ळ ने दोबारा 40 लोगों को बयान दर्ज करवाने के लिए बुलाया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इससे पहले डॉ. ईशर सिंह की रिपोर्ट के दौरान सभी के बयान दर्ज किए जा चुके हैं। सिंह साहब ने कड़े शब्दों में कहा कि वे चाहते हैं कि सच्चाई सामने आए, लेकिन जांच के नाम पर किसी भी कर्मचारी का शारीरिक या मानसिक उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## जांच टीम को सहयोग दे रही शिरोमणि कमेटी

जत्थेदार ने यह भी स्पष्ट किया कि शिरोमणि कमेटी जांच टीम को हर संभव सहयोग दे रही है। उन्होंने बताया कि खुद रक्ळ प्रमुख ने भी इस बात की पुष्टि की है कि कमेटी की ओर से जांच में पूरी मदद मिल रही है। ऐसी स्थिति में प्रशासन और सरकार को चाहिए कि वे जांच को सुचारु ढंग से चलाएं और बिना वजह अधिकारियों पर मानसिक दबाव न बनाएं। यह मामला सिख पंथ के लिए अत्यंत संवेदनशील है, क्योंकि यह पावन स्वरूपों की मयार्दा और उनके रिकॉर्ड से जुड़ा है। ज्ञानी रघुबीर सिंह ने उम्मीद जताई कि जांच निष्पक्ष होगी और असलियत सामने आएगी। उन्होंने प्रशासन को आगाह किया कि जांच के दौरान मानवीय मूल्यों और मयार्दा का ख्याल रखना सरकार की जिम्मेदारी है।

# सरूप रानी कॉलेज की बॉक्सिंग टीम ने इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में चार पदक जीते



अमृतसर/यूटर्न/31 जनवरी। गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी (GNDU) द्वारा खालसा कॉलेज, अमृतसर में आयोजित इंटर कॉलेज बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सरूप रानी गवर्नमेंट कॉलेज (महिला) की बॉक्सिंग टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल चार पदक अपने नाम किए। टीम ने एक रजत और तीन कांस्य पदक जीतकर कॉलेज का गौरव बढ़ाया।

बी.ए. सेमेस्टर-2 की छात्रा महिकदीप कौर ने 75-80 किलोग्राम भार वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। वहीं बी.ए. सेमेस्टर-4 की वंदना शर्मा, बी.ए. सेमेस्टर-2 की नवजोत कौर तथा बी.एससी. सेमेस्टर-6 की हरअमृत कौर ने विभिन्न भार वर्गो में कांस्य पदक जीते।

कॉलेज की प्राचार्या मैडम किरणजीत बल ने सभी विजेता खिलाड़ियों को उनकी इस सराहनीय उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. हरमनदीप सिंह एवं कोच बलदेव राज के प्रयासों की भी सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और मेहनत से ही यह सफलता संभव हो पाई है।

इस अवसर पर कॉलेज काउंसिल के सदस्य डॉ. सुनील शर्मा, डॉ. सतिंदर कौर, मैडम वीनस तनेजा, मैडम मानसी सिंह एवं मनजीत कौर मिनहास ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

# लुधियाना में मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पदार्फाश, दो आरोपी गिरफ्तार



नवीन गोगना

लुधियाना, यूटर्न, 31 जनवरी। शहर में लगातार बढ़ रही वाहन चोरी की घटनाओं पर नकेल कसते हुए लुधियाना पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। थाना मॉडल टाउन पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले एक सक्रिय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 18 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। बरामद की गई सभी मोटरसाइकिलें लुधियाना के अलग-अलग इलाकों से चोरी की गई थीं। जानकारी देते हुए थाना मॉडल टाउन के इंचार्ज इंस्पेक्टर जसविंदर सिंह ने बताया कि क्षेत्र में लगातार वाहन चोरी की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद पुलिस ने विशेष टीम बनाकर जांच शुरू की। जांच के दौरान पहले एक संदिग्ध को काबू किया गया। पूछताछ के दौरान उसने अपने साथी के बारे में खुलासा किया, जिसके आधार पर दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी चोरी की मोटरसाइकिलों को शहर से बाहर सस्ते दामों पर बेच देते थे। रिमांड के दौरान यह भी पता चला कि गिरोह के दो अन्य सदस्य अभी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आने वाले दिनों में और भी बरामदगी व गिरफ्तारियां होने की संभावना है, जिससे वाहन चोर गिरोह की कमर पूरी तरह तोड़ी जा सकेगी।

# बठिंडा में 3 फरवरी को फ्री मेडिकल और लीगल कैंप - एडिशनल डिप्टी कमिश्नर



सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/31 जनवरी। पंजाब सरकार के निदेर्शों, डायरेक्टर, सोशल सिक्योरिटी और महिला एवं बाल विकास विभाग, पंजाब की गाइडलाइन्स और डिप्टी कमिश्नर राजेश धीमान की लीडरशिप में डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेटिव कॉम्प्लेक्स के मीटिंग हॉल में डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेटिव कॉम्प्लेक्स के मीटिंग हॉल में एक मीटिंग हुई। जिसकी अध्यक्षता एडिशनल डिप्टी कमिश्नर जनरल पूनम सिंह ने की। मीटिंग के दौरान एडिशनल डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि 3 फरवरी को सुबह 9:30 बजे लोकल बलवंत गार्गी ऑडिटोरियम हॉल में हमारे सीनियर सिटिजन हमारी शान हैं के तहत कैंप लगाया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि इस कैंप के दौरान सीनियर सिटिजन की भलाई के लिए एक खास फ्री मेडिकल कैंप लगाया जाएगा, जिसमें हेल्थ चेकअप और कानूनी सेवाओं के बारे में जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कैंप का मुख्य मकसद बुजुर्गों को एक ही जगह पर फ्री हेल्थ और कानूनी मदद की सुविधाएं देना है। एडिशनल डिप्टी कमिश्नर ने आगे बताया कि कैंप के दौरान बुजुर्ग नागरिकों की अलग-अलग बीमारियों की डिटेल्ड मेडिकल जांच की जाएगी और जरूरत के हिसाब से फ्री दवाइयां भी दी जाएंगी। इसके साथ ही बुजुर्गों को उनके हक और कानूनी मामलों की जानकारी देने के लिए फ्री कानूनी मदद भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस मौके पर असिस्टेंट कमिश्नर (जनरल) गगनदीप सिंह, सब डिविजनल मजिस्ट्रेट मौड़ सुखराज सिंह, जिला सोशल सिक्योरिटी ऑफिसर मैडम अर्शदीप कौर, जिला प्रोग्राम ऑफिसर पंकज कुमार के अलावा अलग-अलग डिपार्टमेंट के अधिकारी आदि मौजूद थे।

# नगर निगम बठिंडा के रिकॉर्ड रूम में आग लगने की घटना संदिग्ध, जांच होनी जरूरी - बबली ढिल्लों

बठिंडा/यूटर्न/31 जनवरी। नगर निगम बठिंडा के रिकॉर्ड रूम में अचानक आग लगने की घटना को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। शिरोमणि अकाली दल के हलका बठिंडा शहरी के इंचार्ज इकबाल सिंह बबली ढिल्लों ने इस घटना को पूरी तरह संदिग्ध बताते हुए उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि हाल ही में नगर निगम में करोड़ों रुपये के टेंडरों में हुए घोटाले का मामला सार्वजनिक चर्चा में था और ऐसे समय में रिकॉर्ड रूम में आग लगना कई गंभीर सवाल खड़े करता है। इकबाल सिंह ढिल्लों ने कहा कि नगर निगम के रिकॉर्ड रूम में विकास कार्यों, टेंडर प्रक्रिया, भुगतान और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों से संबंधित फाइलें मौजूद रहती हैं। यदि इन रिकॉर्डों को नुकसान पहुंचा है, तो इससे सच्चाई सामने आने में बड़ी बाधा उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने आशंका जताई कि कहीं यह आग घोटालों से जुड़े सबूतों को मिटाने की कोशिश तो नहीं है। उन्होंने कहा कि बठिंडा के लोग पहले से ही नगर निगम की कार्यप्रणाली से नाराज हैं और टेंडरों में मिलीभगत, पक्षपात और भ्रष्टाचार के आरोप लगातार सामने आ रहे हैं। इकबाल सिंह बबली ढिल्लों ने मांग की कि रिकॉर्ड रूम में आग लगने के कारणों की फोरेंसिक जांच करवाई जाए।



Uturn Time 01 Jan 2026_Layout 2 31-01-2026 10:54 Page 8



# सनातन सेवा समिति और वेद प्रचार मंडल की ओर से सम्मान समारोह आयोजित



लुधियाना/यूटर्न/31 जनवरी। सनातन सेवा समिति पंजाब एवं वेद प्रचार मंडल पंजाब की ओर से संयुक्त रूप से बी.सी.एम. स्कूल सेक्टर 32, चंडीगढ़ रोड, लुधियाना में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने की तथा पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। अतिथियों का स्वागत विजय शर्मा रोशन लाल आर्य, डी पी गुलेरिया (प्रिंसिपल बीसीएम स्कूल), बीसीएम फाउंडेशन के कार्यकारी निदेशक प्रेम कुमार, बीसीएम स्कूल शिक्षा निदेशक अमिताव घोष, ज्योति स्वरूप कंबोज, नमिता राजसिंह, रमन ओबेरॉय, अरुण भारद्वाज, प्रिंसिपल नीतू सेठी, प्रिंसिपल शिखा ढल ने किया। समारोह में युवा वर्ग में वेद विद्या के प्रचार प्रसार में अमूल्य सहयोग देने के लिए लुधियाना से रजनीश आहूजा, बिपन जैन, डी.पी. गुलेरिया, , जसविंदर कौर सिद्धू, डॉ.अनु वर्मा, डॉ. वंदना शाही, डॉ. अजीत कौर, रंजू मंगल, डॉ. सतवंत कौर भुल्लर, उपासना मोदगिल, मनीषा मदान, सी.ए. अमरजीत कंबोज, आर्किटेक्ट संजय गोयल, निधि जैन, डॉ. मनुदीप कौशल व अन्य को मुख्य अतिथि मंत्री हरजोत सिंह और मनीष सिसोदिया ने वैदिक गौरव सम्मान भेंट करके सम्मानित किया। मुख्य अतिथि हरजोत सिंह बैंस ने इस अवसर पर कहा कि वेदों की शिक्षा देने का जो कार्य आरंभ किया गया है, वह बहुत ही सराहनीय है और वेदों की शिक्षा को हमें अपने जीवन में अपनाना चाहिए। समारोह अध्यक्ष मनीष सिसोदिया ने कहा कि आज बच्चों को वेद, उपनिषद, रामायण और गीता का ज्ञान देना बहुत ही आवश्यक है।

## राइजिंग स्टार प्ले वे स्कूल में नन्हें बच्चों ने सेलिब्रेट किया स्प्रिंग सीजन



लुधियाना/यूटर्न/31 जनवरी। लुधियाना जस्सिया रोड, हैबोवाल स्थित राइजिंग स्टार प्ले वे स्कूल में स्प्रिंग सीजन मनाया गया। स्प्रिंग सीजन मैनेजिंग डायरेक्टर सोनिया रविनंदन शर्मा की अध्यक्षता में मनाया गया। जिसमें स्कूल के सभी नन्हें बच्चे पीली ड्रेस पहन कर आये ओर स्कूल द्वारा आयोजित एक्टिविटी में भाग लिया। जिसमें बच्चों ने पीली रंग की विभिन्न तरह की ड्राइंग बनाई कलर्स फिल किए। इसके अतिरिक्त नन्हें बच्चों ने तरह तरह की एक्टिविटिस में भाग लेकर खूब एन्जॉय किया। इस अवसर पर सोनिया रविनंदन शर्मा ने कहा कि बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में स्कूल में स्प्रिंग सीजन सेलिब्रेट किया गया है। जिसमें सभी बच्चे येलो ड्रेसेस व साथ में खाने के लिए भी येलो चीजें लेकर आये और सभी बच्चों को बताया गया कि बसंत ऋतू से विंटर सीजन के समाप्ति होनी आरम्भ हो जाती है। स्प्रिंग सीजन में प्रकृति में रंग बिरंगे फुल खिलने आरम्भ हो जाते है। सोनिया रविनंदन शर्मा ने कहा कि स्टडी में यह नन्हें बच्चों का पहला स्टेप होता है ओर बच्चों को इस तरह पढ़ाया जाता है कि बच्चों को पढ़ाई बोझ न लगे। बल्कि एक खेल की तरह लगे ओर इससे बच्चों के मानसिक विकास के साथ साथ शारीरिक विकास भी होता है ओर हमारा उद्देश्य भी यही है।

# क्राइम ब्रांच लुधियाना ने 50 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी किया गिरफ्तार

नवीन गोगना



लुधियाना, यूटर्न, 31 जनवरी। पंजाब पुलिस की क्राइम ब्रांच लुधियाना ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 50 ग्राम हेरोइन सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। डिप्टी कमिश्नर पुलिस (इन्वेस्टिगेशन) हरपाल सिंह, एडिशनल डीसीपी अमनदीप सिंह बराड़ तथा एसीपी डिटेक्टिव-2 दीप करण सिंह के नेतृत्व में इंस्पेक्टर नवदीप सिंह, इंचार्ज क्राइम ब्रांच की टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान सन्नी मंदिर, ताजपुर रोड के पास एएसआई धनवंत सिंह को गुप्त सूचना मिली कि गौतम सैनी पुत्र राम ज्ञान, निवासी राम नगर बिहारी कॉलोनी, ताजपुर रोड, हेरोइन की सप्लाई करने के लिए खड़ा है। सूचना के आधार पर तुरंत रेड कर पुलिस टीम ने आरोपी को गली नंबर-4, राम नगर बिहारी कॉलोनी से काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 50 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इस संबंध में थाना डिवीजन नंबर-07 लुधियाना में एफआईआर नंबर 42 दिनांक 30.01.2026 के तहत धारा 21/61/85 एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड लिया जाएगा ताकि नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का भी पता लगाया जा सके।

## शोरूम की सुरक्षा में तैनात कॉन्स्टेबल की गोली लगने से मौत, पुलिस जांच में जुटी







लुधियाना/यूटर्न/31 जनवरी। लुधियाना के मुल्लापुर में लग्जरी कारों के शोरुम की सुरक्षा में तैनात एक कॉन्स्टेबल की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई। मृतक गुरदासपुर का रहने वाला कॉन्स्टेबल अनोज मसीह (25) है। अनोज की गर्दन के पास गोली लगी है। मामले की सूचना मिलने पर थाना मुल्लापुर की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लाश कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। जानकारी के अनुसार मुल्लापुर स्थित आरएसी शोरुम के मालिक को कुछ समय पहले किसी गैंगस्टर द्वारा रंगदारी की धमकी मिली थी। इस कारण पुलिस ने यहां सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करते हुए मुलाजिम तैनात किए थे। जहां अनोज की ड्यूटी लगी हुई थी। शनिवार को अचानक जब अनोज शोरुम के बाहर गाड़ी में बैठा था तो अचानक उसकी गर्दन के पास गोली लग गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक गोली अनुज के हथियार से चली है, लेकिन अभी किसी अधिकारी ने पुष्टी नहीं की। हालांकि अभी अधिकारियों द्वारा मामले संबंधी जानकारी नहीं दी गई है। मृतक अनुज गुरदासपुर जिले के गांव लक्खा कलां का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार अनोज के पिता भी मुलाजिम थे। उसके पिता के निधन के बाद उनकी जगह नौकरी मिली थी।

# लुधियाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, लूट-खसोट व चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

नवीन गोगना



लुधियाना, यूटर्न, 31 जनवरी। शहर में बढ़ रही लूट-खसोट और चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए लुधियाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। कमिश्नर पुलिस स्वप्न शर्मा और एडिशनल कमिश्नर रुपिंदर सिंह, आई.पी.एस. के दिशा-निर्देशों पर चलाए गए विशेष अभियान के तहत पुलिस ने दो शातिर आरोपियों को काबू कर उनके कब्जे से 10 मोबाइल फोन और 2 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।

अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर पुलिस जोन-1 समीर वर्मा और सहायक कमिश्नर पुलिस सेंट्रल अनिल कुमार भनोट ने बताया कि इंस्पेक्टर गुरजीत सिंह, एसएचओ थाना डिवीजन नंबर-4 की टीम ने कार्रवाई करते हुए रिशि पुत्र अनूप कुमार निवासी गली नंबर-1 मेहरबान चुंगी तथा आदिल पुत्र जुल्फकार निवासी गली नंबर-4 मेहरबान, लुधियाना को गिरफ्तार किया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी नशे की लत पूरी करने के लिए अपने साथियों के साथ मिलकर राहगीरों से मोबाइल छीनते और चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। बरामद मोबाइल फोन अलग-अलग कंपनियों के हैं, जिनकी पहचान कर पीड़ितों तक पहुंचाया जाएगा।

इस संबंध में थाना डिवीजन नंबर-4 लुधियाना में मुकदमा नंबर 18 दिनांक 30-01-2026 को धारा 304 व 317(2) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया है। आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड लिया जाएगा, ताकि इनके नेटवर्क और अन्य वारदातों का खुलासा किया जा सके।

# कबाड़ बने वाहनों से हुई कमाईः डेराबस्सी थाने में 88 वाहनों की 6 लाख 30 हजार रुपये में नीलामी



डेराबस्सी, यूटर्न, 31 जनवरी। करीब पांच साल बाद पहली बार डेराबस्सी पुलिस थाना परिसर में विभिन्न मामलों में जब्त किए गए कबाड़ बन चुके वाहनों की नीलामी की गई। इस दौरान कुल 88 वाहनों की नीलामी से 6 लाख 30 हजार रुपये की राशि प्राप्त हुई। नीलामी में एक कैंटर ट्रक, 11 कारें, एक तिपहिया वाहन और 75 दोपहिया वाहन शामिल थे।

जानकारी के अनुसार, ये वाहन पिछले कई वर्षों से थाना परिसर में खड़े-खड़े जर्जर हो चुके थे और इन्हें स्क्रैप के रूप में बेचा गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि स्क्रैप के रूप में नीलाम किए गए इन वाहनों को अब दोबारा सड़कों पर नहीं चलाया जा सकेगा। आमतौर पर कई मामलों में वाहन जब्त होने के बाद उनके मालिक उन्हें छुड़ाने के लिए थाने नहीं पहुंचते, जबकि गंभीर मामलों में अदालत के आदेश आने तक वाहन रिलीज नहीं किए जाते।

इन पुराने वाहनों के हटने से थाना परिसर में काफी जगह खाली हो गई है, जिससे अव्यवस्था और ट्रैफिक संबंधी समस्याओं में भी राहत मिली है। बताया गया कि डेराबस्सी थाने में अब भी छोटे-बड़े मिलाकर 500 से अधिक जब्त वाहन मौजूद हैं, जो थाने के अंदर और बाहर काफी स्थान घेर रहे हैं।

गौरतलब है कि इससे पहले 24 अक्टूबर 2021 को नीलामी की गई थी, जिसमें 69 स्क्रैप वाहनों की नीलामी से करीब 11.5 लाख रुपये की राशि प्राप्त हुई थी। इस बार अदालत के निदेर्शानुसार 89 स्क्रैप वाहनों की नीलामी के लिए 5 लाख 15 हजार रुपये की रिजर्व कीमत तय की गई थी, जिनमें से एक कार के मालिक ने आगे आकर वाहन की रिहाई करवा ली।

थाना प्रभारी सुमित मोर के अनुसार, पंजाब और हरियाणा से 50 से अधिक बोलीकारों ने इस नीलामी प्रक्रिया में हिस्सा लिया। सबसे अधिक बोली 6 लाख 30 हजार रुपये की लगी। सफल बोलीकार ने मौके पर 1 लाख 5 हजार रुपये जमा करवाए, जबकि शेष राशि जमा करने और सभी वाहनों को थाना परिसर से हटाने के लिए उसे 72 घंटे का समय दिया गया है।

# डेराबस्सी में छात्रों को सड़क नियमों के प्रति किया जागरूक, स्कूल में लगाया गया विशेष ट्रैफिक अवेयरनेस कैंप



डेराबस्सी, यूटर्न, 31 जनवरी। विद्यार्थियों को सड़क नियमों के प्रति जागरूक करने और सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से शनिवार को गुरनाम सिंह सैनी सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ऑफ एमिनेंस, डेराबस्सी में विशेष ट्रैफिक जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ट्रैफिक इंचार्ज सुरिंदर सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और छात्रों को सड़क सुरक्षा से जुड़ी अहम जानकारियां दीं।

इस मौके पर ट्रैफिक इंचार्ज सुरिंदर सिंह ने कहा कि सड़क हादसों का सबसे बड़ा कारण ट्रैफिक नियमों की अनदेखी है। उन्होंने विद्यार्थियों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और सड़क संकेतों की पहचान के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने सख्त शब्दों में कहा कि 18 वर्ष से कम आयु के विद्यार्थियों को दोपहिया या चारपहिया वाहन नहीं चलाने चाहिए।

उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों को बिना लाइसेंस वाहन न दें। साथ ही, नशे की हालत में वाहन चलाने से होने वाले गंभीर और जानलेवा परिणामों के बारे में भी छात्रों को जागरूक किया गया। ट्रैफिक इंचार्ज ने कहा कि सुरक्षा कोई विकल्प नहीं बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। यदि विद्यार्थी आज से ही नियमों का पालन करेंगे, तो वे एक सुरक्षित भविष्य की नींव रख सकते हैं।

इस अवसर पर स्कूल इंचार्ज हरप्रीत कौर और स्टाफ ने ट्रैफिक पुलिस के इस प्रयास की सराहना की। वहीं विद्यार्थियों ने भी संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं ट्रैफिक नियमों का पालन करेंगे, बल्कि अपने परिवार के सदस्यों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

# स्टांप शुल्क छूट योजना का लाभ नहीं पहुंचा आम लोगों तक, सोसायटियों ने मांगी अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग



जीरकपर, यूटर्न, 31 जनवरी। पंजाब सरकार द्वारा सहकारी आवास सोसायटियों में गैर-मूल आवंटन और रूपांतरण मामलों में स्टांप शुल्क दरों पर दी गई अतिरिक्त छूट का लाभ अधिकांश लोगों तक नहीं पहुंच पाया। इसका मुख्य कारण सहकारी सोसायटियों के कार्यालयों में योजना को लेकर स्पष्ट जानकारी और दिशा-निदेर्शों की कमी बताया जा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर जीरकपुर क्षेत्र की कई प्रमुख सहकारी आवास सोसायटियों ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और रजिस्ट्रार सहकारी समिति पंजाब को पत्र लिखकर योजना की अंतिम तिथि 31 जनवरी से बढ़ाकर 31 मार्च करने की मांग की है। सोसायटियों का कहना है कि सरकार द्वारा 12 जनवरी को गैर-मूल आवंटियों और रूपांतरण मामलों में स्टांप शुल्क पर छूट देने संबंधी अधिसूचना जारी की गई थी, लेकिन सहकारी विभाग के अधिकारियों और संबंधित कार्यालयों को इसकी जानकारी लगभग 22 जनवरी तक नहीं मिल पाई। इस कारण योजना समय पर प्रभावी रूप से लागू नहीं हो सकी। जबकि योजना की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित कर दी गई, जिससे आम लोगों को बेहद कम समय मिला और अधिकांश लोग इस राहत से वंचित रह गए।

## १२ जनवरी को अधिसूचना, लेकिन जानकारी देर से पहुंची

बलटाना स्थित हाई लैंड कोऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसायटी, लोहगढ़ स्थित सर्वमंगल कोऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसायटी, बलटाना स्थित ट्रिब्यून फ्रेंड्स कोऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसायटी और गाजीपुर स्थित जीरकपुर ट्रिब्यून परिवार कोऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसायटी ने संयुक्त रूप से सरकार को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि देरी से जानकारी मिलने के कारण लोग जरूरी दस्तावेज और कानूनी प्रक्रिया समय पर पूरी नहीं कर सके।

## सोसायटियों का कहना—जनता को राहत देने के लिए समय बढ़ाया जाए

सोसायटियों ने मांग की है कि योजना की अवधि 31 मार्च तक बढ़ाई जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग बिना जल्दबाजी के स्टांप शुल्क में छूट का लाभ उठा सकें और प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से पूरा किया जा सके।

## ट्रिब्यून कॉलोनी बलटाना में लोगों ने उठाई आवाज

इस मुद्दे को लेकर ट्रिब्यून कॉलोनी, बलटाना में भी स्थानीय निवासियों ने सरकार से योजना की अवधि बढ़ाने की अपील की। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते योजना की जानकारी दी जाती तो बड़ी संख्या में परिवार इस राहत का लाभ उठा सकते थे। इस दौरान अशोक भट्टी, गिरधारी लाल, दीपक बोहरा, गुरुदेव सिंह बिरदी, जगजीवन राम, बलवीर सिंह, गगन सिंह, मंजीत सिंह, पुराण सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बिग बाजार लाइट प्वाइंट पर तेज रफ्तार ऑटो पलटा, महिलाओं व बच्चों समेत यात्री बाल-बाल बचे





जीरकपुर, यूटर्न, 31 जनवरी। शहर के व्यस्ततम इलाकों में शामिल बिग बाजार लाइट प्वाइंट पर सोमवार दोपहर करीब एक बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब तेज रफ्तार ऑटो रिक्शा मोड़ लेते समय अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसा इतना अचानक हुआ कि कुछ देर के लिए मौके पर यातायात भी बाधित हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ऑटो की रफ्तार काफी तेज थी और उसमें क्षमता से अधिक सवारियां बैठी हुई थीं। बताया गया कि ट्रैफिक लाइट के पास मोड़ काटते समय चालक संतुलन खो बैठा, जिससे ऑटो पलट गया। हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद राहगीरों ने बिना देर किए मदद के लिए दौड़ लगाई। सूचना मिलने पर ट्रैफिक पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से ऑटो को सीधा किया गया और उसमें फंसी सवारियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। ऑटो में दो महिलाएं अपने बच्चों के साथ सफर कर रही थीं। बच्चों में एक 10 वर्षीय लड़का और 13 वर्षीय लड़की शामिल थी। गनीमत रही कि इस हादसे में सभी यात्रियों को मामूली चोटें ही आई और कोई बड़ा जानी नुकसान नहीं हुआ। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ट्रैफिक पुलिस से मांग की कि बिग बाजार लाइट प्वाइंट जैसे व्यस्त स्थानों पर तेज रफ्तार और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# CTU कैश ब्रांच चोरी केस सुलझा: पूर्व कंडक्टर, वर्तमान CTU सब-इंस्पेक्टर निकला मास्टरमाइंड, पुलिस वर्दी पहनकर की थी वारदात

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 31 जनवरी। क्राइम ब्रांच थाना पुलिस ने सीटीयू कैश ब्रांच, ISBT सेक्टर-17 में हुई हाई-प्रोफाइल चोरी की गुत्थी सुलझा ली है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें एक आरोपी सीटीयू का पूर्व कंडक्टर और वर्तमान में सब-इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत निकला। आरोपियों ने पुलिस वर्दी का इस्तेमाल कर सुरक्षा गार्ड को गुमराह करते हुए चोरी को अंजाम दिया था।यह कार्रवाई एसपी/क्राइम चंडीगढ़ के नेतृत्व में, डीएसपी क्राइम धीरज कुमार के सुपरविजन और इंस्पेक्टर सतविंदर सिंह, एसएचओ थाना क्राइम सेक्टर-11 की टीम द्वारा की गई। 27 जनवरी 2026 को सीटीयू कैश/बॉक्स ब्रांच, ISBT-17 से करीब ₹13,13,710 रुपये की चोरी की सूचना मिली थी। आरोपियों ने रात करीब 3 बजे पुलिस अधिकारी बनकर शाखा में प्रवेश किया।






# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 का समापन: चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस ने साइक्लोथॉन का आयोजन, 950 से अधिक साइकिल सवार हुए शामिल

चंडीगढ़, यूटर्न, 31 जनवरी। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 (1 से 31 जनवरी) के समापन अवसर पर चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस ने साइक्लिंग, पर्यावरण संरक्षण और सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भव्य 'साइक्लोथॉन' का आयोजन किया। यह कार्यक्रम डीजीपी यूटी चंडीगढ़ डॉ. सागर प्रीत हुड्डा, आईपीएस के नेतृत्व और आईजीपी पुष्पेंद्र कुमार, आईपीएस, एसएसपी (सिक्योरिटी एवं ट्रैफिक) सुमेर प्रताप सिंह, आईपीएस के मार्गदर्शन तथा लक्ष्य पांडेय, डैनिप्स, डीएसपी/ट्रैफिक (आर एंड डी), रोड सेफ्टी की कड़ी निगरानी में आयोजित किया गया।इस अवसर पर एसपी/ट्रैफिक एंड सिक्योरिटी अनुराग दारू, आईपीएस ने मुख्य अतिथि के रूप में सुखना लेक से साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में प्रकाश, डीएसपी/ट्रैफिक (एडमिन), लक्ष्य पांडेय, डीएसपी/ट्रैफिक (आर एंड डी), डॉ. परवेश शर्मा, इंस्पेक्टर, आई/सी सीटीपी सहित चंडीगढ़ पुलिस के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

साइक्लोथॉन में 950 से अधिक साइकिल सवारों ने हिस्सा लिया, जिनमें साइक्लिगिरी, चंडीगढ़ रेजिडेंट्स एसोसिएशन वेलफेयर फेडरेशन, एनएसएस स्वयंसेवक, स्कूल-कॉलेज के छात्र, पुलिस कर्मी, पर्यावरणविद और वरिष्ठ नागरिक शामिल थे। आयोजन एनएसएस वॉलंटियर्स, चंडीगढ़ और साइक्लिगिरी के सहयोग से तथा सेफर जोन और रोटरी क्लब अपटाउन, चंडीगढ़ के सह-भागीदारी में किया गया।





कार्यक्रम की शुरूआत ऊजार्वान वार्म-अप सेशन से हुई, जिसमें 94.3 माय एफएम की आरजे जुगनी और मालिका अरोड़ा ने डांस व जुम्बा के जरिए प्रतिभागियों में उत्साह भरा। इस दौरान मनप्रीत (एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर), डॉ. सुनैना बंसल, अक्षित पासी (साइक्लिगिरी), सतबीर आनंद (सेफर जोन), विजय ढल्ल (रोटरी क्लब) सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। साइक्लोथॉन का मार्ग रॉक गार्डन, ओल्ड बैरिकेड चौक और मटका चौक से होते हुए प्लाजा, सेक्टर-17 पर संपन्न हुआ। प्रतिभागियों को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और रिफ्रेशमेंट देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन दिवस पर चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस टीम ने पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ में आयोजित नेशनल समिट ऑन न्यूरो-क्रिटिकल केयर 'ब्रेन वेव्स-2026' के दौरान अस्पताल स्टाफ, डॉक्टरों और आम जनता को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इसके अलावा एयर फोर्स स्टेशन, हाई ग्राउंड पर वायुसेना अधिकारियों के लिए सड़क सुरक्षा पर व्याख्यान दिया गया। इन कार्यक्रमों में सड़क सुरक्षा साहित्य और सूचना-पैम्फलेट भी वितरित किए गए।

# उद्योग जगत को पीएम के पंजाब दौरे से कई उम्मीदें -पंकज शर्मा



लुधियाना/यूटर्न/31 जनवरी। उद्योग जगत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंजाब दौरे से बहुत उम्मीदें हैं। उन्हें आशा है कि प्रधानमंत्री औद्योगिक क्षेत्र, विशेष रूप से लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए एक सार्थक और सहायक पैकेज की घोषणा करेंगे। यह शब्द एटीआईयू के अध्यक्ष पंकज शर्मा ने कहे। पंकज शर्मा ने कहा कि जीएसटी के युक्तिकरण, वैश्विक आर्थिक उथल-पुथल और हाल ही में अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के बाद, एमएसएमई एक बेहद चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहे हैं। औद्योगिक समुदाय को प्रधानमंत्री के पंजाब दौरे से बहुत उम्मीदें हैं, क्योंकि यह उद्योग जगत की मौजूदा पीड़ा को कम करने और आत्मविश्वास एवं गति को बहाल करने के लिए एक बेहद जरूरी मरहम साबित होगा।

# पुलिस ने बिना ई-रवाना बिल खनन सामग्री भरा टिप्पर पकड़ा, नंबर प्लेट मिट्टी से छिपाकर भागने की कोशिश नाकाम

पंचकूला, यूटर्न, 31 जनवरी। पंचकूला के रामगढ़ क्षेत्र में आज पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान खनन सामग्री से लदे एक टिप्पर को बिना ई-रवाना बिल के पकड़ने मे सफलता हासिल की है।



जानकारी के अनुसार, आज शाम रामगढ़ चौकी इंचार्ज तजिन्द्र पाल अपनी टीम के साथ क्षेत्र में मुस्तैदी से नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान एक संदिग्ध टिप्पर को रुकने का इशारा किया गया। जब पुलिस टीम ने वाहन की जांच की और चालक से ई-रवाना बिल माँगा, तो चालक कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए टिप्पर को कब्जे में लेकर रामगढ़ चौकी में खड़ा करवाया। इसके पश्चात माइनिंग विभाग को सूचित किया गया और विभाग की मौजूदगी में वाहन को नियमानुसार इंपाउंड कर दिया गया है।

इस मामले पर विस्तृत जानकारी देते हुए डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने बताया कि खनन माफिया पुलिस की नजरों से बचने के लिए नए-नए तरीके अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान सामने आया कि चालक ने पुलिस और सीसीटीवी कैमरों से पहचान छिपाने के लिए टिप्पर की नंबर प्लेट पर गीली मिट्टी लेप रखी थी। हमारी टीम ने न केवल अवैध खनन के तहत कार्रवाई की है, बल्कि नंबर प्लेट के साथ छेड़छाड़ करने के जुर्म में चालक का अलग से चालान भी किया है। पंचकूला पुलिस कमिश्नर (एडीजीपी) शिवास कविराज ने स्पष्ट किया कि पंचकूला पुलिस की विभिन्न टीमें फील्ड में पूरी तरह सक्रिय हैं और संदिग्ध वाहनों पर पैनी नजर रखी जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि प्राकृतिक संसाधनों के अवैध दोहन में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। खनन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर भविष्य में भी इसी प्रकार की छापेमारी और सख्त कार्रवाई जारी रहेगी ताकि जिले में अवैध खनन पर पूर्णतः अंकुश लगाया जा सके।

# जनवरी माह में नशे में ड्राइविंग करने वाले चालक रहे रड़ार पर, 730 चालान काटे, 56 वाहन इंपाउंड



पंचकूला, यूटर्न, 31 जनवरी। सड़क सुरक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हुए पंचकूला पुलिस ने नए साल के पहले माह के दौरान 'ड्रिंक एंड ड्राइव' के विरुद्ध एक विशेष मुहिम चलाई, जिसके अंतर्गत शराब का सेवन कर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध शिकंजा कसा गया। एसीपी ट्रैफिक सुरेन्द्र सिंह ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम ने नेशनल हाईवे सहित शहर के चप्पे-चप्पे पर पैनी नजर रखी। विशेष रूप से चंडीमंदिर और जलौली टोल प्लाजा जैसे व्यस्त एवं संवेदनशील स्थानों पर स्थाई नाके स्थापित किए गए हैं, जहाँ एल्कोसेंसर के माध्यम से हर संदिग्ध वाहन चालक की सघन जांच की जा रही है। इस सख्ती का परिणाम यह रहा कि मात्र 30 दिनों के भीतर 730 चालकों के चालान काटे गए और गंभीर रूप से नशे में पाए गए 56 वाहनों को मौके पर ही इंपाउंड कर लिया गया। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने स्पष्ट किया कि शराब का सेवन निर्णय क्षमता को खत्म कर देता है, जो सड़क पर मौत का कारण बनता है।

# शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए विशेष छापेमारी अभियान गया चलाया

## नगर परिषद एवं पॉल्यूशन कंट्रोल विभाग की टीम ने 7 दुकानदारों के काटे चालान, 6 किलो के करीब प्रतिबंधित प्लास्टिक के लिफाफे किए जप्त

जीरकपुर, यूटर्न, 31 जनवरी। बुधवार को नगर परिषद जीरकपुर एवं पॉल्यूशन कंट्रोल विभाग द्वारा शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए नगर कौंसिल के कार्यकारी अधिकारी परविंदर सिंह भट्टी के आदेशों पर विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर परिषद एवं पॉल्यूशन कंट्रोल विभाग की टीम ने पभात एरिया पर स्थित सब्जी मंडी और मार्केट की दुकानों में छापा मारा और 6 किलो के करीब प्रतिबंधित प्लास्टिक के लिफाफे बरामद किए।

नगर परिषद की टीम ने पभात एरिया में 40 दुकानों को चेक किया जिनमें से नगर परिषद एवं पॉल्यूशन कंट्रोल विभाग की टीम ने मौके पर 7 दुकानदारों के चालान कर 10400 जुमार्ना वसूला। नगर परिषद के सेनेटरी इंस्पेक्टर मनोज कुमार और पॉल्यूशन कंट्रोल विभाग के एसडीओ अतुल शर्मा ने बताया कि पॉलिथीन के इस्तेमाल पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगी हुई है फिर भी कुछ दुकानदार द्वारा अवैध तौर पर पॉलिथीन का इस्तेमाल कर रहे है। उन्होंने बताया कि वातावरण को बचाए रखने के लिए पंजाब सरकार द्वारा पॉलिथीन के लिफाफों पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाई हुई है।



नगर परिषद द्वारा पॉल्यूशन कंट्रोल विभाग के साथ मिलकर समय समय पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है। इसी के तहत बुधवार को पभात एरिया पर स्थित मार्केट एवं सब्जी मंडी में चेकिंग की गई।

विक्रेताओं से करीब 6 किलो पॉलिथीन बरामद हुई। उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई के तहत 7 दुकानों पर कार्यवाही की गई और 10400 रुपए का चालान किया गया। सेनेटरी इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने कहा कि यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

पॉल्यूशन कंट्रोल विभाग और नगर परिषद जीरकपुर के अधिकारियों द्वारा भी लोगों से झूठ के तेलों का इस्तेमाल करने के लिए अपील की गई है।

# सैदपुरा-गुलाबगढ़ रोड पर टूटे खुले गड्ढे बने हादसों का कारण, प्रशासन मौन

जीरकपुर, यूटर्न, 31 जनवरी। डेराबस्सी के वार्ड नंबर 8 स्थित सैदपुरा से गुलाबगढ़ रोड पर पिछले करीब 10 दिनों से सड़क किनारे खुले और टूटे गड्ढे लोगों के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस मार्ग से रोजाना बड़ी संख्या में वाहन, पैदल राहगीर और पशु गुजरते हैं, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस समस्या को लेकर एसडीओ को ई-मेल के माध्यम से लिखित शिकायत भी दी गई है, लेकिन इसके बावजूद आज तक न तो गड्ढों की मरम्मत की गई और न ही कोई जवाब मिला। खुले गड्ढों की वजह से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, जिससे किसी व्यक्ति या पशु की जान को नुकसान पहुंचने की आशंका बनी हुई है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द मौके पर निरीक्षण कर गड्ढों को भरा जाए और सड़क की मरम्मत करवाई जाए, ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वे मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाने पर विवश होंगे।






# पभात में नकली दूध-पनीर फैक्ट्री का खुलासा, जांच रिपोर्ट में दो सैंपल फेल

जीरकपुर, यूटर्न, 31 जनवरी। करीब एक महीने पहले जीरकपुर के पभात क्षेत्र में नकली दूध, पनीर और घी बनाने वाली फैक्ट्री पर फूड सेफ्टी विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई छापेमारी के बाद अब जांच रिपोर्ट सामने आ गई है। रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है। फूड सेफ्टी विभाग द्वारा जांच के लिए भेजे गए तीन सैंपलों में से दो सैंपल फेल पाए गए हैं, जबकि एक सैंपल पास हो गया है।

फूड सेफ्टी अधिकारी रवि गोयल के अनुसार, जांच के लिए दूध, पनीर और घी के सैंपल भेजे गए थे। रिपोर्ट में दूध और पनीर के सैंपल मानकों पर खरे नहीं उतरे, जबकि घी का सैंपल पास पाया गया। उन्होंने बताया कि नियमों के तहत संबंधित पक्ष को विभाग की ओर से रिपोर्ट के साथ नोटिस भेजा जाता है। यदि आरोपी पक्ष रिपोर्ट से असंतुष्ट होता है, तो उसे 30 दिनों के भीतर उच्च स्तरीय लैब में दोबारा जांच कराने का मौका दिया जाता है, जिसके लिए सरकारी फीस जमा करनी होती है। रवि गोयल ने कहा कि आमतौर पर कोई भी दोबारा जांच के लिए आवेदन नहीं करता, लेकिन यह सरकार द्वारा तय की गई प्रक्रिया है। तय समय सीमा पूरी होने के बाद और आवश्यक अनुमति लेकर संबंधित कोर्ट में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया जाएगा।



> “ हमने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए फूड सेफ्टी विभाग से बातचीत की है और लिखित शिकायत भी दी गई है। हमारी प्राथमिकता है कि नकली उत्पाद बनाने वाली फैक्ट्री को जल्द से जल्द सील किया जाए। जांच और कानूनी कार्रवाई जारी है, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।
>
> — गजलप्रीत कौर, एएसपी, जीरकपुर

### बड़ा सवाल : सैंपल फेल होने के बावजूद फैक्ट्रियां कैसे चल रही हैं

इस मामले ने एक गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है कि जब दूध और पनीर जैसे रोजमर्रा के खाद्य पदार्थों के सैंपल फेल पाए गए हैं, तो ऐसी फैक्ट्रियां अब तक कैसे संचालित हो रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सीधे तौर पर जनता की सेहत के साथ खिलवाड़ है। नकली दूध और पनीर बच्चों, बुजुर्गों और आम नागरिकों की सेहत पर गंभीर असर डाल सकते हैं। लोगों की मांग है कि ऐसे मामलों में केवल जुमार्ना नहीं, बल्कि फैक्ट्री सील करने, लाइसेंस रद्द करने और सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि मिलावटखोरों पर रोक लग सके।

# सुनेत्रा पवार ने महाराष्ट्र की नई डिप्टी सीएम के तौर पर शपथ ली

चंडीगढ़/यूटर्न/31 जनवरी। राज्यसभा सांसद सुनेत्रा पवार को शनिवार को एनसीपी विधायकों ने पार्टी के विधायक दल का नेता चुना, जिससे वह महायुति सरकार में उपमुख्यमंत्री पद के लिए पार्टी की उम्मीदवार बन गईं। बाद में उन्होंने लोक भवन में शपथ ली और महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री बनीं। उनके नाम का प्रस्ताव एनसीपी के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल ने रखा और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने इसका समर्थन किया, जिसके बाद उन्हें सर्वसम्मति से चुना गया। यह इस हफ्ते की शुरूआत में अजित पवार की विमान दुर्घटना में अचानक मौत के बाद हुआ है। हालांकि, एनसीपी नेता शरद पवार ने शनिवार को दावा किया कि दोनों एनसीपी गुटों के फिर से एक होने को लेकर बातचीत चल रही थी, जो 12 फरवरी को होनी थी। शनिवार को, दिवंगत उपमुख्यमंत्री के बेटे ने बारामती में अपने आवास पर एनसीपी (एसपी) प्रमुख से मुलाकात की। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि सुनेत्रा पवार ने यह अहम पद संभाला है और कहा कि वह इस बारे में हुई चर्चा का हिस्सा नहीं थे। जैसा कि पार्टी सूत्रों ने बताया कि सुनेत्रा पवार को दिन में बाद में शपथ लेने से पहले एनसीपी विधायक दल का नेता चुने जाने की संभावना है, अजित के चाचा शरद ने कहा कि उन्हें सुनेत्रा पवार को उपमुख्यमंत्री नियुक्त करने की कथित योजना के बारे में जानकारी नहीं थी।



## राजनीति में सुनेत्रा पवार का जीवन

62 वर्षीय सुनेत्रा पवार को शनिवार को दोपहर 2 बजे मुंबई के विधान भवन में पार्टी के 40 विधायकों की बैठक में पहली बार एनसीपी विधायक दल का नेता चुना गया। इसके बाद, उन्होंने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। सुनेत्रा पवार का शपथ ग्रहण समारोह शाम करीब 5 बजे लोक भवन में एक सादा कार्यक्रम था, जिसमें मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और कई अन्य नेता शामिल हुए। सुनेत्रा पवार 2024 के लोकसभा चुनावों में असफल रहने के बाद 18 जून, 2024 को राज्यसभा में पहुंचीं।

## अजित पवार की मौत के बाद महाराष्ट्र में क्या हो रहा है

प्लेन क्रैश में अजित पवार की अचानक मौत के बाद, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी महाराष्ट्र में नई लीडरशिप तय करने के लिए तेजी से काम कर रही है, जिसमें राज्यसभा सांसद और अजित की पत्नी सुनेत्रा पवार उपमुख्यमंत्री के लिए सबसे पहली पसंद बनकर उभरी हैं। सुनेत्रा पवार ने उस साल लोकसभा चुनाव लड़ने के बाद जून 2024 में राज्यसभा में एंट्री की थी। वह फिलहाल महाराष्ट्र विधानमंडल की सदस्य नहीं हैं, जिसका मतलब है कि उन्हें तय समय के अंदर या तो उपचुनाव जीतना होगा या विधान परिषद में शामिल होना होगा। बारामती विधानसभा सीट, जिसका पहले अजित पवार प्रतिनिधित्व करते थे, वहां भी छह महीने के अंदर उपचुनाव होने वाला है।

## अभी विभागों की नहीं सामने आई जानकारी

यह अभी भी साफ नहीं है कि क्या वह अजित पवार द्वारा संभाले गए अहम विभागों, जिसमें वित्त विभाग भी शामिल है, का कार्यभार भी संभालेंगी।एक नए मोड़ में, शरद पवार ने शनिवार सुबह दावा किया कि अजित पवार दोनों एनसीपी गुटों के विलय के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे थे और उन्होंने तो दोबारा एक होने के लिए एक संभावित तारीख भी बताई थी।






# मेयर सौरभ जोशी ने शहर की गौशालाओं का किया पहला निरीक्षण, व्यवस्थाओं की समीक्षा

## एमसी संचालित गौशालाओं का दूध शहर के अनाथालयों को मिलेगा

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 31 जनवरी। मेयर का पदभार संभालने के बाद अपने पहले फील्ड विजिट में शहर के मेयर सौरभ जोशी ने शनिवार को गौशाला, रायपुर कलां, गौशाला, इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 और कैटल पॉन्ड, इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम चंडीगढ़ के अधीन संचालित गौशालाओं की इन्फ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं और पशु प्रबंधन व्यवस्था की गहन समीक्षा की गई। मेयर के साथ नगर निगम कमिशनर अमित कुमार के अलावा पार्षद हरजीत सिंह, बिमला दुबे, गुरबख्श रावत तथा संबंधित नगर निगम अधिकारी भी मौजूद रहे।



### एक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश

मेयर ने संबंधित अधिकारियों को संरचनात्मक मरम्मत, स्वच्छता, प्रभावी चारा प्रबंधन और सुदृढ़ निगरानी व्यवस्था पर केंद्रित एक्शन-ओरिएंटेड सुधार योजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी गौशालाओं में समान मानकों को सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण और समन्वित प्रयासों पर भी जोर दिया।

**मेयर का बयान...**मेयर सौरभ जोशी ने कहा गौशालाएं केवल पशुओं के आश्रय स्थल नहीं हैं, बल्कि यह पशु कल्याण के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक हैं। पदभार संभालने के बाद यह मेरा पहला निरीक्षण है और मेरी प्राथमिकता है कि इन्फ्रास्ट्रक्चर, स्वच्छता और प्रबंधन मानकों को समयबद्ध तरीके से बेहतर बनाया जाए। हम पशुओं की बेहतर देखभाल के लिए टिकाऊ और मानवीय समाधान अपनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार ने कहा कि नगर निगम गौशाला इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और बेहतर प्रबंधन प्रणाली अपनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। निरीक्षण के आधार पर आवश्यक तकनीकी और प्रशासनिक कदम उठाए जाएंगे, ताकि सुविधाओं में सुधार और पशुओं का दीर्घकालीन कल्याण सुनिश्चित हो सके।

**व्यवस्थाओं का मौके पर आकलन...**निरीक्षण के दौरान गौशालाओं की संरचनात्मक स्थिति, पशु शेड, पानी की आपूर्ति, चारे की उपलब्धता, सफाई व्यवस्था और समग्र बुनियादी ढांचे का मौके पर आकलन किया गया। अधिकारियों के साथ इन्फ्रास्ट्रक्चर अपग्रेडेशन, दैनिक पशु प्रबंधन को मजबूत करने और पशुओं के लिए बेहतर आश्रय व स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा हुई।

- एनिमल इंसीनेरेटर को इको-फ्रेंडली बायोगैस प्लांट में बदलने की योजना

### अनाथालयों को मिलेगा गौशालाओं का दूध

निरीक्षण के दौरान मेयर ने निर्देश दिए कि नगर निगम द्वारा संचालित गौशालाओं में उत्पादित दूध को शहर के अनाथालयों को उपलब्ध कराया जाए, जिसकी शुरूआत कल से की जाएगी। उन्होंने इसे नगर निगम की सामाजिक जिम्मेदारी और समावेशी कल्याण नीति का अहम कदम बताया।

### बायोगैस आधारित इंसीनेरेटर की तैयारी

मेयर ने इंजीनियरिंग विंग को निर्देश दिए कि मौजूदा एनिमल इंसीनेरेटर प्लांट को बायोगैस आधारित, पर्यावरण अनुकूल इंसीनेरेटर में बदलने की संभावनाओं पर विस्तृत योजना तैयार की जाए, ताकि यह व्यवस्था कम खचीर्ली और टिकाऊ बन सके।

# मिराकल हीलिंग बंद करो व पाखंडवाद मुर्दाबाद के नारों से गुंजायमान हो गया प्लाजा का माहौल




चंडीगढ़, यूर्टन, 31 जनवरी। पंजाब बचाओ मोर्चा (पीबीएम) द्वारा आज अध्यक्ष तेजस्वी मिन्हास के नेतृत्व में सेक्टर 17 स्थित प्लाजा में अंधविश्वास, धोखाधड़ीपूर्ण धार्मिक गतिविधियों और पंजाब में कथित अवैध धार्मिक धर्मांतरण के खिलाफ एक विशाल रोष प्रदर्शन एवं कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन का उद्देश्य उन तथाकथित 'स्वयंभू बाबाओं' और 'चमत्कारी पास्टरों' के विरुद्ध जन-जागरूकता फैलाना था, जिनमें अंकुर नरूला जैसे नाम शामिल हैं, जो व्यक्तिगत और आर्थिक लाभ के लिए झूठे चमत्कारों, भ्रामक प्रचार और डर फैलाने का आरोप झेल रहे हैं।

इस प्रदर्शन में पंजाब भर से आए ईसाई नेताओं, किसान मोर्चा, छात्र संगठनों, बार एसोसिएशन एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि पंजाब में प्रलोभन, धोखाधड़ी, दबाव और गलत प्रस्तुति के माध्यम से धर्मांतरण किए जा रहे हैं, जो एक संवेदनशील सीमावर्ती राज्य के सामाजिक संतुलन और जनसांख्यिकीय ढांचे के लिए गंभीर खतरा हैं। सभा को संबोधित करते हुए श्री तेजस्वी मिन्हास ने आरोप लगाया कि अंकुर नरूला, सोनिया नरूला, हरप्रीत देओल सहित कुछ व्यक्ति बिना वैध एफसीआरए लाइसेंस के विदेशी फंडिंग प्राप्त कर रहे हैं और इस धन का उपयोग आक्रामक प्रचार, निजी ब्रांडिंग और जनता को गुमराह करने के लिए कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हजारों गरीब और कमजोर लोग झूठे चमत्कारों और इलाज के वादों के कारण मानसिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से शोषित हो रहे हैं।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372